नई दिल्ली
शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 28, अंक : 320
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 25
न्यून. 11

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्रीय आईटी मंत्री वैष्णव ने दिखाया लैपटॉप

## भारत में डिजाइन हुए और बने लैपटॉप की झलक आई सामने

अच्छी खबर

■ देश की बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन क्षमता का प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार की ओर से 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय रेलवे इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में भारत में डिजाइन और मैन्युफैक्चर हुआ लैपटॉप दिखाया। वीडियो में दिखाया गया स्वदेशी लैपटॉप इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर में देश की बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन क्षमता को दिखाता है। क्लिप में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज के सीईओ पुनीत अग्रवाल ने हार्डवेयर से लेकर सॉफ्टवेयर तक लैपटॉप के पूरे मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस को बताया। वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और प्रोडक्ट इंजीनियरिंग कंपनी है। कंपनी के पास एंड-टू-एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट में विशेषज्ञता है। साथ ही डिजाइन और प्रोटोटाइप से लेकर लार्ज-स्केल मैन्युफैक्चरिंग की भी क्षमता है।

### 18 महीने में 3,900 नौकरियां पैदा हुईं

*पिछले महीने सरकार ने ऐलान किया कि आईटी हार्डवेयर के लिए लाई गई पीएलआई 2.0 स्कीम के लॉन्च के 18 महीने में ही 10,000 करोड़ रुपए का उत्पादन हुआ है और 3,900 नौकरियां पैदा हुई हैं। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में बीते 10 वर्षों में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। 2024 में उत्पादन बढ़कर 9.8 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि 2014 में 2.4 लाख करोड़ रुपए पर था।*

चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह को केंद्रीय मंत्री शाह ने किया संबोधित

# नानाजी ने अपने जीवन में संकल्प लेकर एकात्म मानववाद को धरातल पर 'उतारा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक भारत रत्न नानाजी देशमुख अजातशत्रु थे। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल की अवधि में कई कष्ट सहे। उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए तत्कालीन परिस्थितियों में राष्ट्रहित में जो कार्य किया उस वजह से उन्हें राष्ट्र ऋषि की उपाधि दी गई। वे वास्तविक अर्थों में राष्ट्रसेवी थे। प्रधानमंत्री मोदी ने नानाजी देशमुख को भारत रत्न देकर उनके जीवन और कार्यों का सच्चा सम्मान किया। शाह गुरुवार को सतना जिले के चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह नानाजी देशमुख की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवीनीकृत राम दर्शन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। शाह ने मूर्तिकारों का सम्मान भी किया। शाह ने कहा कि नानाजी ने राजनीति के इतर समाज सेवा सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। नानाजी ने अपने जीवन में संकल्प लेते हुए एकात्म मानववाद को धरातल पर उतारने का निर्णय लिया। वे समाज से बुराई को दूर करते रहे, लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आपातकाल लगा तो बड़े पैमाने पर लोग लोकतंत्र को बचाना चाहते थे

*गृह मंत्री शाह ने कहा कि नानाजी कुशल संगठनकर्ता थे। जब देश में आपातकाल लगा तो बड़े पैमाने पर लोग लोकतंत्र को बचाना चाहते थे। इसी कालखंड में कई आंदोलन हुए और जनसंघ का उदय हुआ। नानाजी देशमुख ने राष्ट्र प्रथम की भावना को प्राथमिकता देते हुए दलों का विलय भी करवाया। शाह ने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने नानाजी देशमुख को राष्ट्र ऋषि की उपाधि दी थी। प्रधानमंत्री ने नानाजी देशमुख को भारत रत्न देने का कार्य किया।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

### जहान-ए-खुसरो का आज उद्घाटन करेंगे पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राजधानी स्थित सुंदर नर्सरी में सूफी संगीत समारोह 'जहान-ए-खुसरो' के रजत जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को शाम लगभग 7:30 बजे सुंदर नर्सरी, नई दिल्ली में भव्य सूफी संगीत समारोह, जहान-ए-खुसरो 2025 में भाग लेंगे।

### पाक चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, शर्मनाक रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में क्या पहले ऐसा हुआ है कि मेजबान देश टूर्नामेंट का एक मैच भी नहीं जीत पाया हो। दरअसल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मेजबान देश पाकिस्तान ग्रुप स्टेज से बाहर हो चुका है। उसका सफर बिना जीत के साथ खत्म हुआ है। पाक बनाम बांग्लादेश मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

### हाई कोर्ट बोला- हाईवे की हालत खराब तो टोल कैसा?



**जम्मू।** यदि सड़क की हालत खराब है तो फिर उस पर टोल टैक्स की वसूली करना तो यात्रा करने वालों के साथ अन्याय है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में यह बात कही है। अदालत ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आदेश दिया कि वह टोल टैक्स में 80% तक कटौती करे क्योंकि सड़क जर्जर है।

यूएनएचआरसी के 58 वें सत्र की 7वीं बैठक में भारत की पाकिस्तान को खरी-खरी

# अस्थिरता पर पनपने और दूसरों की मदद पर जिंदा पाक... भारत को न दे नसीहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**बोले भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा।**

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जानबूझकर जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत की छवि खराब करने की कोशिश में जुटे पाकिस्तान को एक बार फिर बुरी तरह से मुंह की खानी पड़ी। पूरा मामला बीते बुधवार देर रात जिनेवा में हुई संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 58 वें सत्र की सातवीं बैठक से जुड़ा हुआ है।

जिसमें पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत के यूएन के स्थायी मिशन में तैनात राजनयिक क्षितिज त्यागी ने अपने जवाब देने के अधिकार का तुरंत इस्तेमाल करते हुए दो टूक अंदाज में कहा कि अस्थिरता पर पनपने और अंतरराष्ट्रीय ममद पर जिंदा रहने वाले एक विफल देश पाकिस्तान को भारत को उपदेश देने की कोई जरूरत नहीं है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान को भारत के प्रति अपनी नफरत और जुनून की भावना से आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही उन मुद्दों के समाधान पर जोर देना चाहिए जो उसके खुद के नागरिकों की भलाई से जुड़े हुए हों। भारत के राजनयिक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान द्वारा परिषद का समय बर्बाद किया जा रहा है।

**खास बातें**

- जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर दी नसीहत
- पाक समाधान पर बात विचार करे
- नफरत से आगे निकलना होगा उसे
- खुद के नागरिकों की भलाई करे पाक




### भारत से सीखे लोकतंत्र, प्रगति का बीज मंत्र

उन्होंने कहा कि भारत का ध्यान लोकतंत्र, प्रगति जैसे मूल्यों के जरिए अपने नागरिकों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। यह ऐसे महत्वपूर्ण मूल्य हैं, जिनसे पाकिस्तान को भी सीख लेनी चाहिए। इतना ही नहीं बीते कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति हुई है। यह सफलताएं पाकिस्तान द्वारा भारत में लगातार फैलाए जा रहे सीमापार आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने की सरकार की प्रतिबद्धता में आमजन के विश्वास को प्रमाणित करती है। साथ ही दोनों केंद्रशासित प्रदेशों की सफलता की कहानी अपने आप में पूरा फसाना बयां करती है।

### भारतीय राजदूत ने पाक को दिखाया आईना

गौरतलब है कि त्यागी से पहले संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि (राजदूत) पी.हरीश ने पिछले 19 फरवरी को इसी मामले पर पाकिस्तान को आईना दिखाया था। जिसमें उन्होंने भारत के खिलाफ चलाए जा रहे पाकिस्तानी दुष्प्रचार अभियान की कड़ी निंदा करते हुए उस साफ शब्दों में बता दिया था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा बना रहेगा।

### ओआईसी का मुखपत्र के तौर पर बनाता मजाक

*त्यागी ने कहा कि एक देश के रूप में पाकिस्तान में जहां मानवाधिकारों के हनन के साथ अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न जारी है और लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलकर नीतियां बनाई जा रही हैं। इसके अलावा वो संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित वैश्विक आतंकियों को अपने देश में खुलेआम पनाह देते हैं। ऐसे में पाकिस्तान किसी और को उपदेश देने की स्थिति में नहीं है। भारत को तो पाकिस्तानी नसीहत की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नेता और प्रतिनिधि अपने सैन्य और आतंकवादी तंत्र द्वारा झूठ फैला रहे हैं। वह इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) का अपने एक मुखपत्र के तौर पर गाली देते हुए खुलेआम मजाक बना रहा है। जो बिल्कुल ठीक नहीं है।*

एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी नीलम शिंदे केलिफोर्निया के एक अस्पताल में कोमा की हालत में भर्ती है

## विदेश मंत्रालय के दखल के बाद घायल भारतीय छात्रा से मिलेंगे परिजन, अमेरिका का वीजा मिलेगा

**मुंबई स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार सुबह 9 बजे नीलम के पिता को वीजा जारी करने से पहले लिए जाने वाले साक्षात्कार के लिए बुलाया**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बीते 14 फरवरी को केलिफोर्निया में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी 35 वर्षीय भारतीय छात्रा नीलम शिंदे से अस्पताल में मिलने के लिए जल्द ही उसके परिजन अमेरिका जा सकेंगे। विदेश मंत्रालय ने इसके लिए अमेरिका की सरकार से संपर्क किया है। सूत्रों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने मामले को उठाया

*उधर, बीते बुधवार को इस मामले को महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने एक्स पर उठाते हुए एक पोस्ट में कहा था कि छात्रा नीलम शिंदे अमेरिका में दुर्घटना में घायल हो गई है। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नीलम के पिता महाराष्ट्र के सतारा से हैं और उन्हें आपातकालीन चिकित्सा स्थिति की वजह से अपनी बेटी से मिलने की* ▶▶ शेष पेज 5 पर

गोवा में आयोजित किए गए कार्यक्रम में शामिल हुए नौसेना के रियर एडमिरल रामाकृष्णन

## प्राचीन नौसैन्य संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए लांच हुआ पहला लकड़ी का जहाज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत में प्राचीन काल में प्रयोग किए जाने वाले सिले हुए लकड़ी के जहाज (लकड़ी की नाव) का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बीते बुधवार को रियर एडमिरल के.एम. रामाकृष्णन (एफओके) ने इसे गोवा में लांच किया।

नौसेना ने गुरुवार को बताया कि इस बाबत मेसर्स होडी इनोवेशन लिमिटेड ने गोवा में एक कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसमें जहाज निर्माण से जुड़े प्राचीन कारीगर, नौसेना और शिपयार्ड कर्मी शामिल है। इस जहाज का बनकर तैयार होना भारत की जहाज निर्माण की प्राचीन विरासत में एक मील का पत्थर साबित होगा। नौसेना ने कहा कि इसे प्राकृतिक रूप से बनाया गया है, जिसमें ▶▶ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री ने हरियाणा के आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर भी प्रधानमंत्री को दी जानकारी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले सीएम नायब सैनी, निकाय चुनाव पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के साथ हरियाणा के आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर चर्चा की और केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। सैनी ने मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश लगातार विकास के मामले में नए आयाम छू रहा है और आमजन प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों पर भरोसा जता रहे हैं, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि हरियाणा में हो रहे निकाय चुनावों में भी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों से किया संवाद



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने गुरुवार को दिल्ली छावनी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत के चंद्रयान मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय के लिए खासा महत्वपूर्ण है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें मैसिमिनो के संबोधन का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने छात्रों से कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की चुनौती है। लेकिन यह उपलब्धि वहां बसने के लिए आवश्यक जल स्रोतों के बारे में अहम जानकारी प्रदान कर सकती है। उन्होंने भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने दौरे में मैसिमिनो ने विद्यालय की तमाम सुविधाओं का जायजा लिया। जिसमें एआर-वीआर लैब, अटल टिंकरिंग ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पीएम मोदी की ओर कांग्रेस ने उछाले कई सवाल...ट्रेड डेफिसिट से जूझ रहे भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है प्रतिकूल असर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी अमेरिकी यात्रा से उपजे कुछ सवालों पर घेरने की कोशिश की है। पार्टी के पूर्व सांसद डा. अजॉय कुमार ने इस सवाल को पुरजोर तरीके से उठाया कि जापान और फ्रांस के प्रधानमंत्रियों की आगवानी जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप खुद करने आते हैं तो अपने 'मित्र' की आगवानी के लिए चीफ ऑफ स्टाफ को भेज कर क्यों खानापूरी की? उन्होंने सवाल उठाये कि प्रधानमंत्री मोदी के सामने भारत पर टेरिफ लगाने की बात ट्रंप कहते रहे और हमारे प्रधानमंत्री सुनते रहे, जब कि फ्रांस के प्रधानमंत्री के सामने फ्रांस को लेकर कुछ गलत कहा तो फ्रांस के पीएम ने तुरंत उनके हाथ दबाकर उन्हें टोका, उन्हें पत्रकारों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पाकिस्तान को 356 बिलियन डॉलर की मदद पर सवाल क्यों नहीं

*डा. अजॉय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के सामने और उनकी वापसी के बाद भी ट्रंप ने ये भी आरोप लगाया कि मैंने मोदी को 21 मिलियन डॉलर दिया...इन सब पर प्रधानमंत्री की अब तक चुप्पी है। उन्होंने कहा, मोदी जी जैसे ही वापिस आये अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 विमान के मेंटेनेंस के लिए 356 मिलियन डॉलर आवंटित करने की बात ट्रंप ने कही, कोई शब्द नहीं है विदेश मंत्रालय से इस मामले में। जब कि ये सर्वविदित है कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच हुए समझौते में इस बात का साफ जिक्र है कि एफ-16 का इस्तेमाल केवल आतंकवाद के खिलाफ होगा, जब कि 2019 में इसी एफ-16 का इस्तेमाल पाकिस्तान ने डिफेंस इंस्टॉलेशन के ऊपर हमला करने के लिए किया था।*

कहा, झूठे वायदे करती है हरियाणा की जुमलेबाज सरकार

## पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने से भाग रही भाजपा सरकारः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा की पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों में, पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने का वादा भी भाजपा सरकार का एक जुमला ही साबित हो रहा है।

गत 18 नवंबर को हरियाणा विधानसभा ने विधेयक पारित करके पिछड़ा वर्ग-ए को 08 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग-बी को 05 प्रतिशत आरक्षण तय किया था पर अब कहा जा रहा है कि पंचायतों, ब्लॉक समितियों और जिला परिषदों में अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए आरक्षित सीटें रिक्त रहने पर ही पिछड़ा वर्ग-ए (बीसी-ए) और पिछड़ा वर्ग-बी (बीसी-बी) को आरक्षण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से किया अपना कोई वायदा पूरा नहीं किया है वह झूठ बोलकर जनता को गुमराह और उसके साथ विश्वासघात करती आ रही है। कुमारी सैलजा ने बृहस्पतिवार को मीडिया को जारी बयान में कहा है कि आरक्षण के मामले में सरकार की हरियाणा के लोगों को धोखा देने की आदत बन चुकी है अब पिछड़े वर्ग के लिए तय आरक्षण को नियमों और शर्तों के दांव पेंच में उलझाने का खेल खेल रही है। पिछड़े वर्ग को जनसंख्या के अनुपात के हिसाब से 27 प्रतिशत आरक्षण देने की जायज मांग को पहले ही भाजपा सरकार नकार चुकी है। सरकार के अनुसार अगर किसी पंचायती ▶▶ शेष पेज 5 पर

क्षेत्र में 12 हजार लोगों की रोजाना की आवाजाही

# तो बदल जाएगा मंत्रालयों का पता, बदल जाएगा लुटियन जोन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली का दिल माने जाने वाले लुटियंस दिल्ली की भीड़भाड़ कम करने के लिए केंद्र सरकार मंत्रालयों को नॉर्थ और साउथ ब्लॉक से नए बने कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट भवनों में शिफ्ट करने की नीति पर तेजी से काम कर रही है। इससे एक झटके में संसद के आसपास वाले क्षेत्र में 12 हजार लोगों की रोजाना की आवाजाही के दबाव को कम किया जा सकेगा। विभिन्न मंत्रालयों के कर्मचारियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए मेट्रो लाइन और एक नई रिंग रोड भी बनाई जाएगी।

**सबसे पहले गृह और वित्त मंत्रालय को नए सचिवालय में स्थानांतरित किया जाएगा**



*सूत्रों के अनुसार, इन मंत्रालयों से जगह की जरूरतें पूछी गई हैं और नए भवनों में ऑफिस स्पेस दिखाया गया है। इन इमारतों के अप्रैल तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है। नये विशाल केंद्रीय सचिवालय का निर्माण दो बड़ी बडी बिल्डिंग के मार्फत किया जा रहा है। पहले इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और सांसदों के बंगले हुआ करते थे, वहीं अब नया पता होगा। कुल 51 मंत्रालयों और 80 विभागों के लगभग 65 हजार केंद्रीय कर्मचारी अलग-अलग इमारतों में काम करते हैं।अपने सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत, केंद्र सरकार ने मौजूदा ढांचों को ध्वस्त करके 10 सचिवालय इमारतों के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। फिर "युगे युगीन संग्रहालय पर काम शुरू होना है। दूसरे चरण में कार्यालयों को मेट्रो लाइन से जोड़ा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि निर्माण सितंबर में शुरू होगा और इंडिया गेट और 'युगे युगीन' संग्रहालय में स्टेशन बनाने की योजना है। एक अन्य सूत्र ने कहा, 'मेट्रो भीड़भाड़ कम करने की योजना का एक अभिन्न अंग है ताकि सचिवालय, मंत्रालय आने वाले लोग बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें, अपने अपने वाहन का उपयोग करने से बचें। तीसरे चरण में एक और रिंग रोड का निर्माण होना है ताकि लोगों को उत्तरी दिल्ली से दक्षिणी दिल्ली जाने के लिए सेंट्रल विस्टा को पार न करना पड़े। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, लगभग 90 हजार लोग रोजाना सिर्फ उत्तरी दिल्ली से दक्षिणी दिल्ली और इसके विपरीत जाने के लिए लुटियंस दिल्ली और इंडिया गेट को पार करते हैं। इन यात्राओं से बचा जा सकता है। भीड़भाड़ कम करने की योजना बनाने के लिए एक अध्ययन शुरू किया गया है। इसमें एक रिंग रोड या एक एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण शामिल होगा। यह तीन चरणों वाली रणनीति* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में ट्यूटर दबोचा



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सीआर पार्क में नाबालिग छात्रा से तीन साल तक दुष्कर्म करने के आरोप में एक ट्यूशन टीचर को गिरफ्तार किया है। पश्चिम बंगाल के मूल निवासी टीचर ने कथित तौर पर लड़की को धमकी दी और ब्लैकमेल भी किया। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि छात्रा और उसके पिता ने बुधवार को मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि पीड़ित बच्ची 2022 से आरोपी के पास ट्यूशन पढ़ रही थी। इस दौरान शिक्षक ने उसका मानसिक उत्पीड़न किया और कई बार बलात्कार किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (दुष्कर्म) और पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को बुधवार देर रात गिरफ्तार किया गया।

### वर्दी और नकली दिल्ली पुलिस के आईडी कार्ड बरामद

# हनीट्रैप रैकेट में शामिल तीन नकली पुलिसकर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रोहिणी जिले की स्पेशल स्टाफ ने हनी ट्रैप रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में रैकेट से जुड़े तीन सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी व्यक्ति खुद को पुलिस अधिकारी बताकर भोले भाले लोगों से पैसे ऐंठते थे। इनके पास से एसआई रैंक की वर्दी और नकली दिल्ली पुलिस के आईडी कार्ड भी बरामद हुये हैं। अपराध में प्रयुक्त दो स्कूटी और तीन मोबाइल भी जब्त किये गये हैं।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार स्पेशल स्टाफ टीम को जबरन वसूली और धोखाधड़ी



जैसे जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने के निर्देश दिये गये थे। 26 फरवरी को टीम को हनी ट्रैप रैकेट में शामिल लोगों की आवाजाही के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने रोहिणी के शमशान घाट रोड, विजय विहार के पास जाल बिछाया। दो स्कूटी को दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के पास रोका गया। ग्रे कलर की स्कूटी पर सवार शख्स ने दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर की वर्दी पहनी हुई थी, जबकि सफेद स्कूटी पर सवार एक अन्य संदिग्ध के पास एक बैग था जिसमें दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर की वर्दी की अतिरिक्त शर्ट थी। पूछताछ करने पर संदिग्धों ने शुरू में खुद को दिल्ली पुलिस अधिकारी होने का दावा किया और फर्जी पहचान पत्र भी पेश किया। हालांकि उनके बयानों में विसंगतियों को महसूस करते हुए पुलिस टीम ने उन्हें आगे के सत्यापन के लिए हिरासत में ले लिया। पूछताछ के लिए स्पेशल स्टाफ कार्यालय ले जाया गया, तो उन्होंने गुमराह करने का प्रयास किया। लेकिन बाद में कई जबरन वसूली मामलों में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली। पुलिस हनी ट्रैप मामलों से जुड़े और पीड़ितों की पहचान करने के प्रयास कर रही हैं। आरोपी नीरज के खिलाफ सोनीपत, बहादुरगढ़ और पश्चिम विहार में तीन केस दर्ज पाये गये हैं। वह फ्रेंड्स कॉलोनी, बहादुरगढ़ का ही रहने वाला है। दूसरा आरोपी आशीष जौहरी नगर, बहादुरगढ़ और योगेश उर्फ ढीलू वत्स कॉलोनी, बहादुरगढ़ का रहने वाला है। रैकेट में शामिल इनकी महिला सहयोगियों का भी पता लगाया जा रहा है।

## नकली हेयर रिमूविंग क्रीम बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने डुप्लीकेट हेयर रिमूविंग क्रीम बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पकड़ी गई फैक्ट्री का मालिक भी गिरफ्तार हुआ है। इस फैक्ट्री में वीट और लैक्मे जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के नाम पर नकली उत्पादों की पैकेजिंग होती थी। पुलिस ने ट्यूब फिलिंग मशीन, प्रेसिंग मशीन, मशीन पार्ट्स और अन्य पैकिंग सामग्री भी जब्त की है। वीट ब्रांड की 14184 हेयर रिमूविंग क्रीम भी जब्त की गई।

डीसीपी अपूर्वा गुप्ता के अनुसार एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने स्पैन कंसल्टिंग सर्विसेज, द्वारका की शिकायत पर जीएनसीटीडी के ड्रग इंस्पेक्टर के साथ मिलकर कमल विहार, बुराड़ी में छापा मारा था। इस फैक्ट्री के मालिक पवन कुमार को भी पकड़ लिया गया। उक्त परिसर की गहन तलाशी लेने पर वीट प्योर हेयर रिमूवल क्रीम नामक उत्पाद की हजारों ट्यूब बरामद की गई। इस संबंध में फैक्ट्री के मालिक पवन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि कोविड के बाद उसे सौंदर्य प्रसाधन उत्पादों के कारोबार में भारी घाटा हुआ। इसके बाद उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों के डुप्लीकेट सामानों के बारे में पता चला। उन्हें पता चला कि डुप्लीकेट कॉस्मेटिक उत्पादों की बिक्री बहुत अधिक थी। इसलिए, उन्होंने डुप्लीकेट कॉस्मेटिक उत्पादों की अपनी खुद की उत्पादन इकाई स्थापित करने का फैसला किया और बुराड़ी में किराए के परिसर में अपनी वर्तमान फैक्ट्री शुरू की। वह वीट हेयर रिमूविंग क्रीम तैयार करता था और नकली वीट उत्पाद दिल्ली के सदर बाजार में बेचता था। मामले की आगे की जांच प्रक्रियाधीन है।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने दो साल से टूटी पड़ी पुलिया को जल्द बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने गुरुवार को अधिकारियों को डिफेंस कॉलोनी में विगत 2 वर्षों से टूटी पड़ी पुलिया को जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को डिफेंस कॉलोनी में विगत 2 वर्षों से टूटी पड़ी पुलिया का पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों, नई दिल्ली लोकसभा से सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक नीरज बैसोया व स्थानीय आरडब्ल्यूए के सदस्यों के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारों पर चर्चा कर जरुरी दिशा



निर्देश दिये। प्रवेश ने इस बात की जानकारी एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि पुलिया टूटी होने की वजह से सड़क बंद थी और ट्रैफिक आवागमन भी बंद था, जिसकी वजह से जनता को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब जल्द ही इस पुलिया का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस पुलिया से आगे का रास्ता बारापुला की तरफ जाता है, जहां पर पहले से चल रहें बारापुला ब्रिज के प्रोजेक्ट में टेंडर लागत से दोगुनी लागत अब तक लग चुकी है क्योंकि 10 सालों में आप-दा सरकार के मुख्यमंत्री और विभाग के मंत्री ने कभी प्रोजेक्ट की तरफ मुड़कर नहीं देखा की कैसा प्रोजेक्ट चल रहा है, कैसा नहीं। हमारा उद्देश्य है कि टेंडर के समय जो लागत मंजूर हो वही लगे और तय समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूरा हो। स्थानीय जनता और दिल्लीवासियों को कोई दिक्कत परेशानी नहीं हो और अधिक से अधिक उन्हें सहूलियतें प्रदान हों, इसके लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए संकल्पित हैं।

## गोगी लाकड़ा गिरोह का शूटर चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने रोहिणी इलाके से गोगी-अंकेश लाकड़ा गिरोह के 23 वर्षीय शूटर को गिरफ्तार किया है। बदमाश का नाम विशाल लाकड़ा बताया गया है। वह कुख्यात अंकेश लाकड़ा का करीबी सहयोगी है। इसके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किये गये। डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार 25 फरवरी को इस शूटर को गिरफ्तार किया गया। विशाल ने गोगी-लाकड़ा गिरोह का सक्रिय सदस्य होने की बात भी स्वीकार की और बताया कि वह और अंकेश लाकड़ा दोनों मूलरूप से दिल्ली के मुंडका गांव के रहने वाले हैं। विशाल को पहले भी दो बार जेल हो चुकी है। कुमार ने बताया कि दूसरी बार जेल जाने के दौरान वह अंकेश लाकड़ा का करीबी बन गया, जिसे वह अपना गुरु मानता है। हाल में विशाल के करीबी सहयोगी अमित लाकड़ा की हत्या प्रतिद्वंद्वी नीरज बवाना गिरोह के सदस्यों ने कर दी थी, जिससे अंकेश काफी आहत हुआ था और उसने बदला लेने का संकल्प लिया। अंकेश ने विशाल को हथियार खरीदने और नीरज बवानिया-टिल्लू गिरोह से बदला लेने का काम सौंपा था। विशाल आगे के निर्देशों का इंतजार कर ही रहा था, कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## जिम मालिक हत्याकांडः अदालत ने गैंगस्टर की पत्नी को न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को कथित गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी को पिछले साल सितंबर में राजधानी के पॉश इलाके ग्रेटर कैलाश में एक जिम मालिक की हत्या के मामले में दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुज कुमार सिंह ने पुलिस द्वारा दायर आवेदन पर जोया खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। आवेदन में कहा गया था कि उससे आगे हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। इससे पहले पुलिस ने खान को उसकी हिरासत



में भेजने का अनुरोध किया था ताकि बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके और मामले में उसकी भूमिका की पड़ताल की जा सके। बाबा के अलावा, हत्या मामले में पुलिस को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगियों की संलिप्तता का संदेह है। पुलिस ने कहा कि वह अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियारों को बरामद करना चाहती है।

पीड़ित नादिर शाह का आपराधिक रिकॉर्ड था, जिसमें डकैती और हत्या के प्रयास के आरोप शामिल थे और वह ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 में एक जिम का सह-मालिक भी था। जोया ने इससे पहले अदालत में कहा था, मेरा केवल इतना अपराध है कि मैं हाशिम बाबा की बीवी हूं। मैं उसके खिलाफ किसी भी मामले में शामिल नहीं हूं। शाह का दुबई में भी कारोबार था। उसके पिता अफगानिस्तान से हैं और कई साल पहले दिल्ली चले आये थे।

## बांसेरा पार्क में देशी-विदेशी कलाकारों की जमी जुगलबंदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा यमुना खादर में स्थापित बांसेरा पार्क में आयोजित 10वें भारत-अंतर्राष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव में देश विदेश के कलाकारों की जुगलबंदी ने जमकर अपनी प्रतिभा दिखाई। विदेशी और देशी कलाकारों ने ऐसा समा बांधा कि दर्शक जैसे मंत्रमुग्ध हो गए हो। गुरुवार की शाम आयोजित हुए इस समारोह के बारे में डीडीए ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस प्रतिष्ठित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अलावा रवांडा, रूस और मंगोलिया के राजदूत तथा भाग लेने वाले अन्य देशों के विशिष्ट प्रतिनिधि उपस्थित थे। यह भव्य समारोह भारत के सांस्कृतिक और कूटनीतिक केंद्र के रूप में दिल्ली की प्रतिष्ठा की पुष्टि करता है, जो वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को दर्शाता है। यह भव्य समागम सभ्यताओं के बीच आपसी सम्मान को बढ़ावा देने और सीमाओं से परे कलात्मक सहयोग को बढ़ावा देने, कला की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से दिलों को जोड़ने की आकांक्षा रखता है।

## शास्त्री पार्क अकादमी में सेंटर आफ एक्सीलेंस इन टनल डीएमआरसी की नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने टनल (सुरंग) बनाने की आधुनिक तकनीक द्वारा क्रांति लाने की दिशा में नया मील का पत्थर स्थापित किया है। डीएमआरसी ने प्रशिक्षुओं को सुरंग निर्माण में विश्वस्तरीय दक्षता प्राप्त करने के लिए, अपने शास्त्री पार्क स्थित डीएमआरसी अकादमी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन टनलिंग और टनल ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत की है। यह सेंटर भविष्य में सुरंग बनाने के क्षेत्र में रिसर्च, नई खोजों और इंडस्ट्री के साथ मिलकर काम करने का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। इस कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बीएचयू, डीटीयू जैसे शैक्षणिक संस्थानों और इंडस्ट्री से जुड़े जाने माने लोग मौजूद थे। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ, सुरंग निर्माण टिकाऊ शहरों और कुशल परिवहन नेटवर्क को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह केंद्र सुरंग डिजाइन, निर्माण और



सुरक्षा में सुधार लाने के लिए विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों को एक साथ लाएगा और एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करेगा। ऐसे में यहां रिसर्च ट्रेनिंग प्रोग्राम और वास्तविक दुनिया के लिए इंडस्ट्रियल समाधान विकसित किए जाएंगे। डीएमआरसी के अनुसार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन टनलिंग एक अत्याधुनिक सुविधा है जिसमें स्मार्ट क्लासरूम और सिखने के बेहतर अनुभव के लिए एआर, वीआर लैब जैसी सुविधाएं हैं। टनल ट्रेनिंग सेंटर 25 मीटर का एक वास्तविक सुरंग मॉडल है, जो असली सुरंग जैसा ही है। जिसमें किसी को भी बिना काम रोके और मेट्रो के नियमित संचालन पर बिना असर डाले वास्तविक सुरंग की परिस्थितियों में पारंगत करने में मदद करेगा। एक तरह से सीखने वालों को यहां ऐसा माहौल मिलेगा जैसे वो असली सुरंग निर्माण के दौरान वहां मौजूद हैं।

## सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (दिननि) के शाहदरा उत्तरी जोन ने गुरुवार को सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किय। शिविर को मुख्य उद्देश्य सफाई कर्मियों को क्षय रोग, इसके लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में भली भांति शिक्षित करना था। शिविर का आयोजन निगम के शाहदरा उत्तरी जोन के जोनल कार्यालय में हुआ। निगम द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस पहल का नेतृत्व शाहदरा नॉर्थ जोन के उपायुक्त ने किया। कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने क्षय रोग की समय पर पहचान, चिकित्सा उपचार के महत्व और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत निःशुल्क टीबी उपचार की उपलब्धता पर जानकारी दी। विशेष रूप से सफाई, पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच पर जोर दिया गया। क्योंकि सफाई कर्मचारियों के बीच इस बीमारी के प्रसार को रोका जा सके, जो अपने कार्य के कारण अधिक रिस्क में रहते हैं।

## जरूरी मरम्मत के चलते आईजीआई हवाई अड्डा सहित दर्जनों कालोनी में पानी की रहेगी किल्लत

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा पेयजल आपूर्ति मुख्य लाइन में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते राजधानी के आईजीआई हवाई अड्डा सहित दर्जनों जगह पानी की किल्लत रहेगी। इस बारे में डीजेबी ने जानकारी देते हुए बताया कि मटियाला विधानसभा क्षेत्र में रोड नंबर 205 सेक्टर-20 द्वारका में प्रस्तावित डीडीए एयरपोर्ट कवर्ड ड्रेन के संरेखण में 700 मिमी व्यास वाले एयरपोर्ट वाटर मैन के स्थानांतरण का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते ईई(एम)-34 के अंतर्गत कई कालोनियों में 4-5 मार्च 2025 को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि इनमें इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट सहित आस पास के क्षेत्र भी शामिल है। जानकारी अनुसार आईजीआई एयरपोर्ट, गांव शाहबाद मोहम्मदपुर,13 बीआरडी एयरफोर्स स्टेशन व आसपास के क्षेत्र शामिल है। वहीं दूसरी तरफ भूमिगत जलाशय और बूस्टर पंपिंग स्टेशन की फ्लशिंग के वार्षिक कार्यक्रम के कारण 1-3 मार्च 2025 को दर्जनों क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 मार्च को रजोकरी गांव, अशोक विहार फीलिंग प्वाइंट, एफ ब्लॉक दिलशाद कॉलोनी, कैलाश नगर, नीलगिरी, मंदाकिनी अपार्टमेंट, शाहपुर जाट गांव, गढ़ी धोबी घाट, कोटला मुबारकपुर, बापू पार्क, सी-1 ए ब्लॉक जनकपुरी, सी-3 ए ब्लॉक जनकपुरी, उज्वा बीपीएस, समालखा गांव, महिपालपुर ओल्ड, 560 जनता मकान पी.के.टी.-7 नसीरपुर, 174 ई.डब्लू.एस. और 68 एल.आई.जी. मकान पी.के.टी.-9 नसीरपुर, ए.बी.सी.डी. दिलशाद कॉलोनी, एल.आई.जी. एम.आई.जी. फ्लैट्स लोनी रोड, पॉकेट-क्यू दिलशाद गार्डन क्षेत्र शमिल है। जबकि 3 मार्च को जलापूर्ति से बाधित होने वाले क्षेत्रों में बी.ई. ब्लॉक जनकपुरी बीपीएस, बी.डी. ब्लॉक जनकपुरी बीपीएस, वसंत कुंज, छतरपुर, गली नं. 13 तुगलकाबाद एक्सटेंशन (नया), एस-ब्लॉक, संजय कॉलोनी, ओखला फेज-2, शमशान घाट, एम.बी. एक्सटेंशन बायपास रोड, पॉकेट-7 और 8 डीडीए फ्लैट जसोला विहार, एपी ब्लॉक पीतमपुरा बीपीएस, ओल्ड रघुबीर नगर, पूर्व आजाद नगर बीपीएस, और आसपास के क्षेत्र शामिल है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**(धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) रितिक बजाज पुत्र राजन बजाज निवासी मकान नं. डी-12, टॉप फ्लोर, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव-1, नई दिल्ली, (2) मयंक जैन पुत्र राजेश जैन, निवासी ए-105, करोर अपार्टमेंट, द्वारका सेक्टर-5, दिल्ली, (3) अंचित जैन पुत्र अजय जैन निवासी बी-75, इंद्रपुरी, दिल्ली, (4) प्रमोद पांडे पुत्र श्रीकृष्ण पांडे निवासी कमरा नं. 209, साई दर्शन अपार्टमेंट, बिलाल पाड़ा, नाला सुपारा, ईस्ट पालघर (एम.एच.) और ग्राम पांडेपुर, थाना बरसठी, जिला जौनपुर उ.प्र., (5) विकास माने पुत्र श्री दिगंबर माने निवासी कमरा नं. 211, टीएस कंपाउंड बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, जेरवाई रोड, भोईवाड़ा परेल, मुंबई, (6) ऋषभ बसौया पुत्र वीरेंद्र सिंह बसौया निवासी मकान नं. पी-120, ग्राम पिलांजी, सरोजनी नगर, दिल्ली** ने केस एफआईआर संख्या **455/24, दिनांक 02.10.2024, अंतर्गत धारा 8(सी)/20/21/25/29 एनडीपीएस एक्ट, थाना स्पेशल सेल, ट्रांस यमुना रेंज पांडव नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) रितिक बजाज (2) मयंक जैन (3) अंचित जैन (4) प्रमोद पांडे (5) विकास माने (6) ऋषभ बसौया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) रितिक बजाज (2) मयंक जैन (3) अंचित जैन (4) प्रमोद पांडे (5) विकास माने (6) ऋषभ बसौया** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर संख्या **455/24, दिनांक 02.10.2024, अंतर्गत धारा 8(सी)/20/21/25/29 एनडीपीएस एक्ट, थाना स्पेशल सेल, ट्रांस यमुना रेंज पांडव नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) रितिक बजाज (2) मयंक जैन (3) अंचित जैन (4) प्रमोद पांडे (5) विकास माने (6) ऋषभ बसौया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री सुधीर कुमार सिरोही**
एएसजे विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस
कमरा नं. 35, पी. बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/2350/Spl.Cell/2025**
**(Court Matter)**


## तापमान 19.5 डिग्री हुआ दर्ज

# हल्की बूंदाबांदी के बावजूद गत 15 वर्षों में गुरुवार की सुबह रही सबसे गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मौसम ने करवट ली और बुधवार से हल्की बूंदाबांदी के बावजूद गुरुवार को दिल्ली की सुबह गत 15 वर्षों में सबसे गर्म सुबह के रूप में दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार 27 फरवरी 2025 को सुबह गत 15 सालों में सबसे ज्यादा गर्म रही। जिसके चलते न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं दूसरी तरफ मौसम का असर अधिकतम तापमान पर साफ देखने को मिला और यह सामान्य से एक डिग्री



लुढ़कर 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार सुबह के समय हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाओं के बाद भी न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। रिकार्ड के अनुसार 20 फरवरी 2015 को न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस और 25 फरवरी 2015 को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। वहीं इसके बाद 27 फरवरी 2021 को न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस था। लेकिन 15 वर्षों में न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस के स्तर पर पहली बार पहुंचा है। आईएमडी की मानें तो आसमान में बादल होने के कारण न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। इस वजह से बीती रात व सुबह के वक्त मौसम में गर्माहट अधिक रही। बुधवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं गुरुवार को इसमें भारी गिरावट देखने को मिली और यह लुढ़कर यह सामान्य तापमान से एक डिग्री नीचे लुढ़ककर 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि संभावना है कि शुक्रवार को भी दिल्ली में कुछ जगहों पर हल्की वर्षा हो सकती है। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण बुधवार देर रात मौसम ने करवट बदली है। इस वजह से बुधवार की मध्यम रात्रि के बाद गुरुवार सुबह दिल्ली के कई इलाकों में हल्की वर्षा हुई। जबकि दिनभर दिल्ली एनसीआर के आसमान पर बादल छाए रहे। वहीं सुबह से ही 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलनी शुरू हुई जो दिन में कुछ मंद पड़ी। बता दें कि दिल्ली में पिछले दिन बुधवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था।


**IndusInd Bank**

Office address: C-53, Kiran Tower, RDC, Raj Nagar, Ghaziabad (U.P.) 201002

**HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| DEAL NO | CUSTOMER NAME | REGISTRA-TION NO | ENGINE NO | CHASSIS NO | MODEL |
|---|---|---|---|---|---|
| 910000001834 | S SUNDER | UK01D4187 | K10CN1224198 | MA3SFM61SRA246512 | MARUTI ALTO K10C LXI BS VI |
| 910000439161 | PANKAJ JHA J JHA | UP80JT1646 | 9505234 | MA3BNC62SRE797920 | MARUTI ERTIGA VXI S CNG 1.5L 5MT BSVI |
| AA2C15587 | G HIRA | UP81BE5555 | D4FCFM327708 | MALBM51RLFM104986D | HYUNDAI I20 ACTIVE CRDI SX DIESEL |
| AA3C85217 | S MAYANK | UP80ET0803 | D13A3395896 | MA3FJEB1S00B73623 | MARUTI SWIFT DZIRE TOUR 1248 CC BS IV |
| DAA03654C | B GAURAV | UP80GV0215 | REVTRN19KWXKC9194 | MAT626001PKKB0077 | TATA TIAGO XTO 1.2 PETROL BS VI |
| DAF00574C | S DEVENDRA SINGH | UP86T9440 | L12B35136334 | MAKDF15MJHN200388 | HONDA AMAZE 1.2 EMT |
| DAL04035C | D FOOLVATI | UP80DH8286 | G12BN385768 | MA3ERLF1S00409141 | MARUTI EECO 5 SEATER CNG 1196 CC |
| DAM02839C | M THAKUR DAS | UP85AS0080 | N15A12414041 | MAKGM85EFF4104737 | HONDA CITY 1.5 CORPORATE EDITION |
| DUB00565C | M GULSAN | UP20CE9865 | K12NP4168788 | MBHCZFB3SNL349434 | MARUTI DZIRE VXI CNG 1.2L 5MT BS VI |
| UHM04194C | A RAFID | UP23AT4271 | K12MN2458334 | MA3EJKD1S00D22076 | MARUTI DZIRE TOUR S (O) CNG BS VI |
| ULY06056C | MOH AZEEM KHAN | UP25DN9553 | K10BN2493787 | MA3RFL41SNE375314 | MARUTI S-PRESSO VXI (O) CNG BS VI |
| DAA00992D | S KARUA | RJ11GB7501 | B6.7B6A300D06102M64132962 | MAT828011L3P14665 | TATA SIGNA 5530 BS6 FULLY BUILT TRUCK |
| DAL01293D | S RAJAT | UP81ET1926 | E426CDPB424578 | MC2CBMRC0PB086340 | EICHER PRO 3018 HSD BS6 |
| DMM02074D | SHRI ULTROX NIRMAAN COMPANY | UP17BT2456 | NEHZ422239 | MB1A3GDDXNAEM7658 | AL 1615HE 3970MM BS6 CABIN CHASSIS |
| DUE00111D | S ALAKASEEM | HR55Y6470 | B592303061F63529443 | MAT704008G3F15414 | TATA LPS 4923TC 6*4 |
| DUH00399D | M SHAN | UK08CA1616 | 3.3LNGD11DWX511168 | MAT563066P7D08671 | TATA 1616 LPT DCR49HSD 125B6M5 |
| DUZ03066D | M JAAN | UP12CT3179 | 3.3LNGD11DWX511615 | MAT563066P7D08801 | TATA LPT 1616 45 HSD BS6 |
| UHM01811D | K WASEEM | UP38AT0456 | B6.7B62250D06132C64284110 | MAT793011P1D10739 | TATA LPT 4225 COWL CHASSIS BS VI |
| 921000008675 | C VIJAY | HR46D9368 | 51M84270904 | MAT466429FHP09378 | TATA LPT 3118/52/BS-IV |
| 922000049356 | ARBAZ KHAN | HR55W8948 | 51K84257707 | MAT466429F5N14763 | TATA LPT 3118 CR BS4 |
| 922000095827 | ASHOK PRATAP P SINGH | UP83AT9264 | 497TC92FUY826045 | MAT751160F8F16711 | TATA LPT 1612 |
| 940000118566 | HYDRO AQUA FOODS AND BEVERAGES LLP | UP14PT5629 | LYR4A22674 | MA1RE2LYKR6B22918 | MAXX HD 1.55 CNG BS6II |
| DDA02976L | KRISHNA ENTERPRISES | UP16JT9874 | E426CDNM416354 | MC2GLJRC0PA222293 | EICHER PRO 3015 PRM BS VI |
| DMM02263L | N SONAU | UP14NT5587 | E426CDPK451864 | MC2CBMRC0PK097607 | EICHER PRO 3018 22FT HSD DIESEL BS6 |
| DUZ01795L | K SAJID | UP12BT1625 | EKH028286P | MB1AA22E1KRE66357 | ASHOK LEYLAND DOST PLUS LE FSD |
| UHH00581L | S AKRAM | UK19CA1012 | AMH056877P | MB1AA42E5MRAS7676 | AL BADA DOST HSD LS I4 BS-6 |
| DNB00019E | A ASAD | | SH41132220132 | ACEAX124CN1105035 | ACE AX 124 DIGMASTER BS4 BACKHOE LOADER |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**Place : Ghaziabad** Contact Person : Manish Agarwal, Mob.No: 9791015623

## विजेंद्र गुप्ता ने कहा, पीएसी तीन महीने में दे रिपोर्ट

# दिल्ली विधानसभा ने कैग की रिपोर्ट को जांच के लिए लोक लेखा समिति को भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा सत्र में गुरुवार को कैग रिपोर्ट पर सदन में चर्चा के बाद जांच के लिए लोक लेखा समिति को भेज दिया गया है। सीएजी रिपोर्ट जांच को भेजते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पीएसी तीन महीने में रिपोर्ट दे, साथ ही विभागों को भेजकर एक महीने में एक्शन टेकन रिपोर्ट व सभी पैरा पर टिप्पणी ली जाएगी। अध्यक्ष ने अपनी व्यवस्था देते हुए कहा कि यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है कि दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति से संबंधित सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट ने आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा दिल्ली में आबकारी नीति के क्रियान्वयन में की गई गंभीर अनियमितताओं को उजागर किया है। रिपोर्ट में यह विस्तार से बताया गया है कि किस प्रकार सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया गया ताकि निजी कंपनियां सरकारी खर्च पर अवैध रूप से लाभ कमा सकें। ऑडिट 2017-2021 की अवधि के लिए किया गया था। सीएजी ने नई आबकारी नीति के लागू होने से पहले की अवधि में भी गंभीर अनियमितताओं की ओर इशारा किया है, जैसे लाइसेंस देने में अनियमितता,आई.एम.एफ.एल मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता की कमी, अपर्याप्त गुणवत्ता नियंत्र, कमजोर नियामक कार्यप्रणाली, प्रवर्तन गतिविधियों का खराब क्रियान्वयन आदि। अध्यक्ष ने कहा कि सीएजी ने गणना की है कि नई नीति में 2002 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा हुआ,जैसे सरेंडर किए गए लाइसेंसों का फिर से टेंडर करने में विफलता के कारण 890 करोड़ रुपए, छूट के कारण 941 करोड़ रुपए, लाइसेंस शुल्क की माफी के कारण 144 करोड़ रुपए, सिक्योरिटी राशि के गलत संग्रह के कारण 27 करोड़ रुपए। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस मुद्दे पर सदस्यों ने सदन में चर्चा के दौरान विस्तृत विचार व्यक्त किए हैं और अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। मुझे लगता है कि सदन इस बात पर सहमत है कि इस मामले की जल्द से जल्द जांच की जानी चाहिए और मामले के निष्कर्ष पर पहुंचा जाना चाहिए ताकि दोषियों को दंडित किया जा सके। स्थापित संसदीय प्रक्रिया के अनुसार, दिल्ली विधान सभा की लोक लेखा समिति द्वारा इस रिपोर्ट की गहन जांच की जाएगी। यह समिति तीन महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट सदन को प्रस्तुत करेगी। पहली कार्यवाही के रूप में, मैंने विधानसभा सचिवालय को यह निर्देश दिया है कि रिपोर्ट को तुरंत संबंधित विभागों को टिप्पणी प्राप्त करने के लिए भेजा जाए तथा आबकारी विभाग की पैरावार टिप्पणियां और कार्रवाई नोट अनिवार्य रूप से एक महीने के भीतर प्रस्तुत किए जाएं।

## सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए जाने की कराएंगे जांच : प्रवेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को कहा कि पिछली सरकार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ विधायकों की विधानसभाओं में सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं लगाए गए, इसकी जांच की जाएगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने विधानसभा में कहा कि आठों विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सदन में विश्वास नगर से भाजपा विधायक ओपी शर्मा, लक्ष्मी नगर से विधायक अभय वर्मा और विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में कहा कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में दो-दो हजार सीसीटीवी लगाए जाने थे, लेकिन भाजपा के आठ विधानसभा क्षेत्रों में पिछली सरकार ने यह सुविधा नहीं दी थी। विधानसभा अध्यक्ष के अनुसार, आप सरकार ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में लगाने के लिए 1.40 लाख कैमरे खरीदे। पीडब्ल्यूडी मंत्री वर्मा ने विधायकों को जवाब देते हुए कहा कि मामले की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर अधिकारियों को दंडित किया जाएगा।

## मोहन सिंह बिष्ट चुने गए दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) विधायक मोहन सिंह बिष्ट गुरुवार को दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) चुने गए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपाध्यक्ष पद के लिए छह बार के भाजपा विधायक का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने किया, जबकि अनिल कुमार शर्मा द्वारा पेश किये गए दूसरे प्रस्ताव का गजेंद्र सिंह यादव ने समर्थन किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के नव नियुक्त विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट से सादर भेंट कर उन्हें नए दायित्व के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही और अधिक पारदर्शी और समृद्ध होगी, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। भाजपा नेता बिष्ट (67) हालिया दिल्ली विधानसभा चुनाव मुस्तफाबाद से जीते हैं। उन्होंने 17,000 से अधिक मतों के अंतर से आम आदमी पार्टी(आप) के आदिल अहमद खान को हराया था। मुस्तफाबाद से पहले बिष्ट ने 1998 से 2015 तक करावल नगर सीट का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 2020 में फिर से यह सीट (करावल नगर) जीती थी।

## आप द्वारा विधानसभा के बाहर की गई नौटंकी को देख रहे है दिल्ली के लोग : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के लोग आम



आदमी पार्टी विधायकों की विधानसभा के बाहर की गई धरना नौटंकी को देख रहे हैं सोच कर हंस रहे हैं वक्त का पहिया पूरी तरह घूम गया है। जिन आप नेताओं को कल तक भाजपा के विधायकों को प्रताड़ित करने में परपीड़क आनंद मिलता था आज वह अपने भ्रष्टाचार को छुपाने दबाने के लिए महान नेताओं के चित्रों के नाम पर विवाद कर रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि वक्त देख कर मुस्कुरा रहा है कि जिन्होंने 2018 में विधायक ओमप्रकाश शर्मा को लगभग एक साल और फिर 2021 में एक साथ 2 सत्रों के लिए विधानसभा से बाहर किया था वो आज विधानसभा से 3 दिन के लिए निष्कासित होने पर नौटंकी फैला रहे हैं।

# विधानसभा में प्रवेश न मिलने पर विपक्षी सदस्यों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी और अन्य विपक्षी सदस्यों ने गुरुवार को विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोके जाने बाद आप विधायकों ने परिसर के बाहर धरना दिया। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पार कर दीं। आप नेताओं ने आंबेडकर की तस्वीरों वाली तख्तियां पकड़ रखी थीं और 'डफली' की थाप के साथ सत्तारूढ़ दल के खिलाफ नारे लगाए। आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने कहा कि जब भाजपा विधायक सदन में मेज पर चढ़ गए थे, तब भी उन्हें इस तरह से विधानसभा में प्रवेश से नहीं रोका गया। खान एकमात्र विधायक हैं जिन्हें निलंबित नहीं किया गया है क्योंकि वह उस दिन विधानसभा में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। वहीं प्रदर्शन के बाद नेता विपक्ष आतिशी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है।

## पूरा परिसर ही है सदन परिसर : स्पीकर

**नई दिल्ली।** विपक्षी सदस्यों के विधानसभा में प्रवेश के रोक पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों ने एलजी अभिभाषण के दौरान जो किया वह अमर्यादित था, पूरा परिसर ही सदन परिसर है। सदन ने भारी भरकम सजाएं न देकर उनके साथ सहानुभूति रखी है। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य प्रक्रिया है क्योंकि अगर किसी सदस्य को सदन से निष्कासित किया जाता है, तो उन्हें विधानसभा परिसर छोड़ना होगा। जब उनका निष्कासन समाप्त हो जाएगा, तो वे सभी कार्यवाही में भाग ले सकेंगे।



■ एलजी अभिभाषण के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने जो किया वह अमर्यादित था

## सत्तापक्ष की सदस्य नीलम पहलवान ने नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने का प्रस्ताव रखा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक नीलम पहलवान ने दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ क्षेत्र का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने का बृहस्पतिवार को प्रस्ताव रखा और दावा किया कि मुगलों ने इसका मूल नाम बदल दिया था। हाल ही में नजफगढ़ विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के तरुण कुमार को 29,000 से अधिक मतों से हराने वाली नीलम पहलवान ने दिल्ली विधानसभा में दावा किया कि नाम बदलने का प्रयास लंबे समय से जारी है। उन्होंने कहा कि आलम-द्वितीय के समय में मुगल शासन के तहत नजफगढ़ को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। 1857 के विद्रोह के दौरान, राजा नाहर सिंह ने लड़ाई लड़ी और नजफगढ़ क्षेत्र को दिल्ली के क्षेत्र में शामिल किया। हम लंबे समय से नजफगढ़ का नाम नाहरगढ़ कराने की कोशिश कर रहे हैं। निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को पूरी उम्मीद है कि यह विधानसभा नाम बदलने के हमारे प्रयासों का समर्थन करेगी। दिल्ली में भाजपा नेताओं के बीच क्षेत्रों का नाम बदलने की मांग जोर पकड़ती दिख रही है।






खबर संक्षेप

## साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपी को दबोचा



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेन्ट्रल की टीम ने ड्रीम-11 की फ्रैन्चाइज़ दिलाने के नाम पर साइबर फ्रॉड के मामले में आरोपी भवानी सिंह सोलंकी को नागौर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। सेक्टर-85 के रहने वाले एक व्यक्ति ने 04 फरवरी 2025 को थाना साइबर सेंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक टेलीग्राम आईडी से मैसेज आया कि वह ड्रीम-11 की फ्रैन्चाइज़ देने का काम करते है।

## गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बार्डर की टीम ने अवैध नशा उपलब्ध कराने वाले आरोपी बिलारसन को उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 फरवरी को क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी प्रदीप निवासी अंकुशपुर जिला गनजाम उड़ीसा को श्याम कालोनी, नया पल्ला पुल से 11 किलो 400 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया था, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह उड़ीसा से गांजा को 22000 रूपए में खरीदकर लाया था।

## धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना साइबर सेंट्रल की पुलिस टीम ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिषेक महिंद्रा एनक्लेव शास्त्री नगर गाजियाबाद का रहने वाला है। साइबर थाना सेंट्रल में संत नगर ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी। वह और उसकी बहन ने इंस्टाग्राम आईडी /अभिलुव सिंह पर जॉब के लिए देखा फिर इंस्टाग्राम के जरिए बात की। जिसमें ठग ने उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला वैकेंसी होने की बात कही।

# फरीदाबाद में चेकिंग के दौरान ई-रवाना बिल न होने पर एक डंपर सीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अवैध खनन रोकने सहित बिना ई रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर हरियाणा सरकार की पारखी नजर है। जिला फरीदाबाद में दिन रात खनन विभागीय टीम जहां सड़कों पर मॉनिटरिंग कर रही है वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

खनन विभाग के डीजी केएम पांडुरंग के आदेशानुसार हो रही है नियमित मॉनिटरिंग

खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के आदेशानुसार विभागीय टीम पूरी मुस्तैदी से अपना दायित्व निभाते हुए हर पहलू पर फोकस कर रही है। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की टीम द्वारा निरन्तर जिला में अवैध खनन न हो इसकी जांच की जा रही है साथ ही जिला से निकलने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित अन्य कनेक्टिविटी पर चैकिंग टीम द्वारा खनिज वाहनों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की अल सुबह उनकी टीम ने खनिज वाहनों की जांच के दौरान केली पुल के पास एक डंपर को बिना ई रवाना बिल के पाया और कोई भी दस्तावेज चालक नहीं दिखा पाया। ऐसे में विभाग की ओर से उक्त खनिज वाहन को पुलिस की मौजूदगी में सीज किया गया और आगामी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला खनन अधिकारी श्रीमती बिधलान ने कहा कि फरीदाबाद जिला सहित पूरे प्रदेश में खनन विभाग की ओर से महानिदेशक केएम पांडुरंग के दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां अवैध खनन न हो इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है वहीं कोई भी खनिज वाहन बिना ई रवाना बिल के जिला की सडक़ों से न निकले इसकी पूरी मॉनिटरिंग हो रही है। दिन-रात विभाग की टीम विभिन्न स्थानों पर सक्रियता से कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की हर गतिविधियों को लिखित में विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में किसी भी रूप से अवैध खनन को रोकने के लिए दृढ़ संकल्प है और विभाग इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है।

नियमों की अवहेलना करने वालों पर की कार्रवाई



### समीक्षा बैठक में बोले जिला निर्वाचन अधिकारी-मतदाता अवश्य करें अपने मताधिकार का प्रयोग

# ननि चुनाव में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र प्रणाली का भागीदार बनेः डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में नगर निगम चुनाव में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र प्रणाली का भागीदार बने। जिला निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में सभी एआरओ के साथ आगामी 2 मार्च को होने वाले फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के मद्देनजर हर स्तर पर व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि इस बार जिला फरीदाबाद में नगर निगम चुनाव के दौरान पहली बार हर मतदाता दो बार वोट डालेगा, एक मेयर पद उमीदवार के लिए और दूसरा वार्ड मेंबर के लिए।

ऐसे में कोई भी मतदाता केवल एक वोट करके ही न चला जाए इसके लिए मेयर पद चुनाव के लिए पिंक रंग और वार्ड मेंबर के लिए सफेद रंग के बैलेट पेपर निर्धारित किये गए हैं ताकि मतदाता को वोट देते समय यह पता रहे की वह मेयर पद और वार्ड मेंबर के लिए अलग-अलग मशीन से वोट कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को सुनिश्चित करें कि ईवीएम चालू है और सही तरह से काम कर रही है।

स्क्रीन साफ और मतदाताओं के लिए पूरी तरह से ठीक है, यह सुनिश्चित करें। अगर किसी मशीन में कोई कमी है तो उसकी जगह रिजर्व की गयी मशीनों का उपयोग किया जा रहा हो तो इस बारे मशीन की जानकारी कैंडिडेट को अवश्य दें। वहीं उम्मीदवारों का चयन करने के लिए बटनों की प्रक्रिया की पूरी निष्ठा के साथ साथ जांच करें। साथ ही चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि ईवीएम को सुरक्षित रूप से रखा गया है और मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है।

### मतदान के 48 घंटे की समयावधि में बंद रहेगा चुनाव प्रचार

डीसी ने बताया कि लोक मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की समय अवधि के दौरान किसी भी तरह का प्रचार-प्रसार बंद हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस समयावधि में कोई भी उम्मीदवार न तो किसी तरह की जनसभा आयोजित कर सकता है और न ही उसमें शामिल हो सकता है। इस दौरान किसी भी तरह की चुनावी सामग्री को सिनेमाटोग्राफी, टेलीविजन या अन्य उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावाए किसी मतदान क्षेत्र में इस प्रतिबंधित अवधि के दौरान आमजन को आकर्षित करने की दृष्टि से म्यूजिक कॉन्सर्ट या थियेटर प्रोग्राम या अन्य मनोरंजक कार्यक्रम के माध्यम से किसी प्रकार का चुनावी प्रचार भी नहीं किया जा सकता। इस समय अवधि के दौरान लाउडस्पीकर के प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई उपरोक्त निर्देशों की अवहेलना करता है या इनकी अनुपालना नहीं करेगा तो इसे गंभीर माना जायेगा और उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मतदान के दिन मेयर पर उम्मीदवार 5 और वार्ड मेंबर आवागमन के लिए 2 गाडियों का ही इस्तेमाल कर सकता है जिस गाडी पर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री न लगी हो।

#### मतदान के लिए ये हैं 15 विकल्प

इन 15 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, केन्द्रीय, राज्य सरकार कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी को जारी किया गया सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र जिसमें फोटो हो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त एससी, एसटी, ओबीसी प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटो युक्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जारी फोटोयुक्त जॉब कार्ड, पट्टा, पंजीकृत विलेख जैसे फोटोयुक्त संपत्ति दस्तावेज, पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, भूतपूर्व सैनिक विधवा, आश्रित प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन आदेश, फोटोयुक्त विधवा पेंशन आदेश, फोटो युक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त राशन कार्ड या कोई अन्य दस्तावेज जो पीठासीन अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार मतदाता की पहचान स्थापित करता हो, आधार कार्ड और पासपोर्ट। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने मतदाता पहचान पत्र या निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 15 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ लेकर ही मतदान करने जाएं और मतदान करने में ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी दर्ज कराए। बैठक में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बडख़ल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों ने मेयर चंदीला को विजयी बनाने की अपील की

# फरीदाबाद निगम में 200 करोड़ के घोटाले का करारा जवाब देगी जनताः दीपेन्द्र हुड्डा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रोहतक के सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में तिगांव हलके में बदरपुर बाईपास से बसंतपुर, सेहतपुर, पल्ला से होते हुए मथुरा रोड तक रोड शो किया और फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा में झाड़सैंतली में एक जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी लता रिंकू चंदीला व पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीजेपी के भ्रष्टाचार का ट्रिपल इंजन घोटाले पर घोटाले किये जा रहा है।

नगर निगमों में भारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर बेशुमार लूट-खसोट हुई। सरकार घोटाले के जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की बजाय घोटाले की खबरों को दबाने और घोटालेबाजों को बचाने की कोशिशें करती रही। अकेले फरीदाबाद नगर निगम में 200 करोड़ का घोटाला कर दिया। कागजों पर ही काम हो गया, बिना काम कराये ही पेमेंट कर दी गई और सारा पैसा घोटालेबाज डकार गए।

हार्डवेयर-प्याली पेरिफेरी रोड निर्माण में 16 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला उजागर हुआ। सुलभ शौचालय तक में घोटाला कर दिया गया। हर जगह केवल करप्शन ही करप्शन किया गया। सरकार ने आज तक किसी भी मामले में न कोई जांच कराई, न तो दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की। लोगों पर लाखों रुपये के प्रापर्टी टैक्स थोप दिये गये। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार पहले भी थी सबसे छोटे इंजन का काम लूटना और उपर वाले दोनों इंजन का काम संरक्षण देना था। निगम में व्याप्त बेलगाम भ्रष्टाचार को खतम करने के लिए बीजेपी को हराना जरूरी है। जनता फरीदाबाद निगम में 200 करोड़ के घोटाले का करारा जवाब देगी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि फरीदाबाद ही नहीं पूरे हरियाणा की दुर्दशा के लिये बीजेपी सरकार जिम्मेदार है, उसने प्रदेश का भ_ा बैठा दिया। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद सबसे ज्यादा टैक्स देता है लेकिन फरीदाबाद को न तो साफ हवा मिलती है, न साफ पानी, न साफ सफाई, न ही अच्छी सडक़ें। भाजपा सरकार ने फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर नरक सिटी में बदल दिया। साफ-सफाई का इतना बुरा हाल है कि जरा सी बारिश होते ही सारी व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है।

# ट्रेडिंग के नाम पर 58.56 लाख रुपए की ठगी के मामले में दो आरोपियों को मध्यप्रदेश से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

थाना साइबर सेंट्रल की पुलिस टीम ने शेयर मार्किट में निवेश कराने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के मामले में 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर 16 के रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी। जिसमें बताया कि 18 मई को उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया और कहा कि वह शेयर ट्रेडिंग कंपनी में काम करता है तथा लोगों को शेयर ट्रेडिंग कराता है। निवेश करने पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। जिसने शिकायतकर्ता को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ा। जिस ग्रुप में 29 मई को एक ऐप का लिंक भेजा और लिंक के माध्यम से एक अकाउंट खोलने के लिए कहा। शिकायतकर्ता ने पहली बार 10000 जमा किया जिसके बाद ट्रेडिंग होने लगी। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने लालच में आकर पैसे निवेश किए। इसके बाद ठगो ने मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया। जिस पर शिकायतकर्ता ने आईपीओ के लिए अप्लाई किया और शिकायतकर्ता के चार आईपीओ निकले। जब शिकायतकर्ता ने आईपीओ के पैसे निकालने चाहे तो टैक्स के नाम पर 31 लाख रुपए जमा करने को कहा। शिकायतकर्ता निवेश के लिए 58.56 लाख रुपए जमा कर चुका था, जिस पर उसके साथ धोखाधड़ी हुई, शिकायतकर्ता की शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया।

साइबर सेट्रल में मामला दर्ज



साइबर थाना सेंट्रल पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को शिवपुरी मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल पाल वासी गांव बाडोरा जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश और नरोत्तम गुर्जर वासी गांव दुमदुमा जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश का नाम शामिल है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खाता उपलब्ध कराते है।

जिसके लिए आरोपी खाते में आए ठगी के पैसे में से 1 प्रतिशत का हिस्सा लेते थे। उपरोक्त मामले के ठगी के 46.50 लाख रु आये थे। दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए माननीय अदालत में पेश कर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में कार्तिकेय कौरव, पवन पाठक और महेन्द्र सिंह डागीं को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

### फर्जी बिलों के माध्यम से किया 90 लाख का गबन

# फर्जी बिल के गबन करने के मामले में फरीदाबाद के पूर्व अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष आरोपी को लिया 2 दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



आर्थिक अपराध शाखा एनआईटी द्वारा फर्जी बिल के माध्यम से राशि गबन करने के मामले में गढ़वाल सभा फरीदाबाद के पूर्व अध्यक्ष देव सिहं गोसाई व कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में कार्यालय जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज फरीदाबाद से प्राप्त शिकायत पर थाना कोतवाली में फरीदाबाद की गढ़वाल सभा के पदाधिकारियों के विरुद्ध गबन करने के मामले में अभियोग दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाए गए थे कि सभा के पदाधिकारियों द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए गढ़वाल सभा की राशि का गबन किया गया है। जिस पर अभियोग का अनुसंधान आर्थिक अपराध शाखा एनआईटी द्वारा किया गया। अनुसंधान के दौरान वर्ष 2016 से 2019 के बीच के लगभग 200 बिलो की तस्दीक की गई। जिसमें पाया गया कि ये बिल फर्जी बनाए गए थे और इन बिलों के माध्यम से करीब 90 लाख रुपए का गबन किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध शाखा की टीम द्वारा गढवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष देव सिहं गोसाई निवासी सैक्टर-48, फरीदाबाद व कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा निवासी सैक्टर-49, फरीदाबाद को गिरफ्तार करके पूछताछ के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# चलती कार में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, गर्दन में नशीला इंजेक्शन लगाया, शरीर पर केमिकल भी डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



दिल्ली से सिटी गाजियाबाद में बुधवार की रात में तीन युवकों द्वारा एक युवती का अपहरण कर उसके साथ वशीपन करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित युवती का आरोप है कि युवकों ने उसके साथ न केवल सामूहिक दुष्कर्म किया बल्कि उससे पहले उसके गले में नशे का इंजेक्शन लगाया और जब उसने इसका विरोध किया तो उसके शरीर पर ज्वलनशील केमिकल भी डाल दिया। उसके बाद उसको उसको रेलवे क्रॉसिंग के पास छोड़कर फरार हो गए। इस संबंध में दीपक चौहान उर्फ मोहती तथा वैभव चौहान व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कवि नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हालांकि पुलिस की प्राथमिक जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है । एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। कवि नगर थाना क्षेत्र में इस महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बाजार से घर आ रही थी। तभी तीन युवकों ने उसका अपहरण करके कर में डाल लिया और उसके बाद चलती कर में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़ता का आरोप है कि दो युवकों ने उसके हाथ पकड़े उसके बाद तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसका यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसके गले में नशीला इंजेक्शन लगाया और उसके बाद उसके साथ समूह के दुष्कर्म के बाद उसके प्राइवेट पार्ट में बोतल भी डालने का प्रयास किया और उसे रेलवे क्रॉसिंग के पास फेंक कर फरार हो गए ।जब उसे होश आया तो उसने 112 पर पुलिस को सूचना दी। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और मामला संदिग्ध लग रहा है । यह युवती पहले भी इस तरह का आरोप लगा चुकी है।

### ग्राम आटोर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई

# जीडीए ने छह बीघा भूमि में विकसित की जा रही अवैध कालोनी को किया ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जीडीए के प्रवर्तन दल ने गुरुवार को आटोर गांव में 6 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने इसका विरोध भी किया लेकिन जीडीए अधिकारियों की शक्ति के कारण उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। प्रभारी प्रवर्तन जोन- 1 के नेतृत्व में ग्राम अटौर में यह अभियान चलाया गया। जिसमें दीपक एवं जोगिंदर चौधरी द्वारा लगभग 5 से 6 बीघा में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी । कॉलोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल, साईट ऑफिस,आदि के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल, मोरटा पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद हांसी | वार्ड नं. 1 से 27 एम.सी. हांसी में एक वर्ष के लिए एलईडी स्ट्रीट लाइट का प्रचालन व रखरखाव + 2 कार्य। | 24.02.2025 06.03.2025 | 1.62 करोड़ | https://etencers.hry.nic.in | 7015778071 eomchansi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32548/I/88/7 दि. 27.02.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फतेहाबाद | सिरधन - गांव सिरधान ब्लॉक भट्टू कलां में बस क्यू शेल्टर का निर्माण, स्कीम जैडपी + 1 कार्य। | 25.02.2025 04.03.2025 | 38.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 166723085 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | डाया आकार 100 मिमी से 1200 मिमी के के-7 और के-9 टाइप/श्रेणी के आईएसआई मार्क्ड डी.आई. पाइप्स की खरीद हेतु दो वर्षीय दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 26.02.2025 28.03.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ए. आंगनवाड़ी केन्द्रों में उपयोग के लिए मेजे। बी. आंगनवाड़ी केन्द्रों में उपयोग के लिए कुर्सियां। | 26.02.2025 13.03.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/60/32551/I/88/7 दि. 27.02.25

## पेज एक का शेष

### नानाजी ने अपने...

कभी किसी बुराई को स्वयं तक नहीं आने दिया। उनके आदर्श एक सदी तक राजनीतिज्ञों के लिए आदर्श बनकर रहेंगे। पं. दीनदयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख लगभग एक ही काल खंड में जन्मे थे। भारत के विकास को पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण से जोड़कर देखा था। एकात्म मानववाद का विचार कैसे जमीन पर उतरेगा एक समय में लोग इसे असंभव समझते थे। समारोह में पूज्य अचलानंद महाराज, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, सतना सांसद गणेश सिंह, कुलगुरू ग्रामोदय विश्वविद्यालय डॉ. भरत मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष डीआरआई निखल मुंडले सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में साधु-संत एवं नानाजी के अनुयायी उपस्थित थे।

**मप्र में गांव-गांव को गोकुल बनाने का कार्य हो रहा :** शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज तक देश के 60 करोड़ परिवारों को अपना पक्का मकान, स्वच्छ पेयजल, रसोई गैस और मुफ्त इलाज समेत जैसी अनेक सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री के विचार के संदर्भ में शाह ने कहा कि मप्र में गांव-गांव को गोकुल बनाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयता के साथ-साथ हमारी कृषि, शिक्षा और वसुधैव कुटुंबकम को कैसे विश्व में स्थापित किया जाए, नानाजी के विचारों के अनुकूल इन कार्यों को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि देश का विकास कितना भी हो जाए लेकिन विरासत को साथ लेकर चलना चाहिए।

**नानाजी ने गांवों में स्वावलंबन की कल्पना की थी: मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में केंद्रीय गृहमंत्री शाह समेत यहां उपस्थित सभी अतिथियों का आभार माना। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग रहा है कि उनकी नानाजी से भेंट हुई थी। नानाजी का होना हम सबके लिए एक प्रेरणा पुंज के समान था। जब पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया तो नानाजी ने बड़ी विनम्रता से मना कर दिया था। नानाजी ने गांवों में स्वावलंबन की कल्पना की थी। कथावाचक पूज्य मुरारी बापू ने नानाजी के साथ बिताए समय को याद किया। उन्होंने कहा कि नानाजी ने सबसे पहले चित्रकूट में रामदर्शन की थी और आज इसे नया रूप दिया जा रहा है। यह दिन राष्ट्र ऋषि नानाजी को श्रद्धांजलि देने का दिन है। नानाजी ने रामकथा के साथ रामदर्शन तो कराया ही, लेकिन हम सबको ग्राम दर्शन भी कराया है। पूज्य बापू ने रामचरित मानस का उदाहरण देते हुए राम राज्य की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीराम ने अपने भाई भरत को राम राज्य के लिए 4 बातें बताई थीं। पहला साधु मत, दूसरा लोकमत, तीसरा राजनीतिक मत और चौथा सनातन वैदिक मत। नानाजी के जीवन में यह चारों बातें समाहित थीं।

### विदेश मंत्रालय के...

ने बताया कि आमतौर पर इस तरह की आपातकालीन यात्रा के लिए वीजा जल्द से जल्द जारी कर दिया जाता है। लेकिन इस मामले में हुई देरी के पीछे की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। उधर, नीलम के पिता को मुंबई स्थित अमेरिका के वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार सुबह 9 बजे वीजा जारी करने पहले लिए जाने वाले साक्षात्कार के लिए बुलाया है। यहां बता दें कि केलिफोर्निया की स्थानीय पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है और उसने इस हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन के चालक को हिरासत में ले लिया है।

**जीवन के लिए संघर्ष करती छात्रा :** नीलम कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी की छात्रा है। 14 फरवरी को सड़क पर किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में उसके सिर, हाथ और छाती में गंभीर चोटें आई हैं और वह अस्पताल में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। छात्रा के परिवार ने इस घटना के बारे में जानकारी मिलने के 48 घंटे के अंदर ही अमेरिका की यात्रा के लिए वीजा के लिए आवेदन कर दिया था। लेकिन उनका आवेदन तब से लंबित है। नीलम के चाचा कदम शिंदे के मीडिया में दिए बयानों के मुताबिक, वीजा के लिए अगले वर्ष की शुरुआती तारीख बताई जा रही है। इसके अलावा नीलम के परिजन कह रहे हैं कि सड़क दुर्घटना में उसके दोनों हाथों और पैरों में फ्रैक्चर है, जिसकी वजह से उसकी तत्काल ब्रेन सर्जरी किए जाने की जरूरत है। मरीज कोमा में है इसलिए अस्पताल सर्जरी से पहले परिजनों से लिखित में अनुमति लेना चाहता है।

### एनसीपी नेता सुप्रिया ...

तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन किया है, तुरंत मदद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद दुखद मामला है, जिसका हम सभी को एकजुटता से समाधान निकालने की जरूरत है। सुले ने विदेश मंत्रालय से मदद मांगी। वहीं, नीलम शिंदे के परिवार वालों को प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय की तरफ से संपर्क किया गया है।

### प्राचीन नौसैन्य...

लकड़ी, नारियल की जटा और रेजिन का प्रयोग किया गया है। गौरतलब है कि इस जहाज के निर्माण कार्य की शुरुआत 2023 में हुई थी और उसके लिए नौसेना, संस्कृति मंत्रालय और मेसर्स होडी इनोवेशन के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था।

**पारंपरिक कला को पुनर्जीवित करने का प्रयास :** सिला हुआ जहाज एक प्रकार से लकड़ी की नाव है। इसके तख्तों को डोरियों और रस्सियों से सिलकर बनाया जाता है। यह तकनीक देश में धातु के फास्टनरों के आगमन से पहले समुद्री जहाजों के निर्माण के लिए काफी लोकप्रिय थी। केंद्र सरकार की कोशिश इस परियोजना के जरिए जहाज निर्माण की इस पारंपरिक कला को पुनर्जीवित और संरक्षित कर भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दुनिया के सामने बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करना है।

**विश्व यात्रा पर निकलेगा जहाज :** इस जहाज को नौसेना मौजूदा साल 2025 में प्राचीन नेविगेशन तकनीकों का प्रयोग करते हुए पारंपरिक समुद्री मार्गों में शामिल दक्षिण पूर्व एशिया, फारस की खाड़ी की यात्रा पर निकलेगा। जहाज निर्माण परियोजना को 2022 में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली कार्यान्वयन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी...

जनता प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर मुहर लगाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा को और भी विकसित बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा प्रदेश में हवाई, रेलमार्ग और सड़क यातायात को सुदृढ़ बनाया जा रहा है ताकि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से स्थानीय लोगों सहित निवेशकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके और हरियाणा प्रदेश तीव्र गति से देश में सबसे बड़ा निवेश हब बन सके। नायब सैनी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार तीन गुणा गति से प्रदेश का विकास सुनिश्चित कर रही हैं और विकास के मामले में हरियाणा राज्य अग्रणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की ढाई करोड़ नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकास राष्ट्र बनाने के सपने में हरियाणा अपना अहम योगदान देगा और भारत के साथ-साथ हरियाणा भी विकसित राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में किये जा रहे चहुँमुखी विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार समाज के सभी वर्गों विशेषकर गरीब और पिछड़ा वर्ग के लिए निरंतर कल्याणकारी योजनाएं लागू कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सफल प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में दिल्ली विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्लीवासियों को भी अब केंद्र की हर जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा।

### नासा के पूर्व अंतरिक्ष...

लैब और भाषा प्रयोगशाला मुख्य रूप से शामिल हैं।

**छात्रों के साथ बांटे अपने अनुभव :** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ने छात्रों से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कैसे 7 अंतरिक्ष यात्रियों पर आधारित एक फिल्म ने उन्हें अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए प्रेरित किया। छात्रों के साथ बातचीत में उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण, यात्राओं के दौरान उनके द्वारा खाए जाने वाले भोजन के बारे में उनके प्रश्नों के जवाब दिए। मैसिमिनो ने बताया कि अंतरिक्ष में कैसे जीरो ग्रेविटी के साथ तालमेल बिठाया, सोने की व्यवस्था और काम करने के लिए कंसोल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। छात्र अंतरिक्ष अन्वेषण में कृत्रिम मेधा (एआई) की भूमिका के बारे में जानने के लिए उत्सुक थे। जिसे लेकर अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि एआई प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करेगा। जिससे वह अधिक कुशल, किफायती और सुरक्षित बनेंगे। उन्होंने छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने से जुड़े विषयों और कौशल के बारे में बताया।

**मंगल पर बसना चुनौतीपूर्ण:** कार्यक्रम में छात्रों ने अंतरिक्ष यात्री के रूप में करियर बनाने की चुनौतियों और उनकी तैयारी से जुड़े प्रमुख विषयों के बारे में पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए। मैसिमिनो ने मृदा विज्ञान, समुद्री विज्ञान के साथ विभिन्न क्षेत्रों की खोज के महत्व पर जोर दिया। छात्रों ने उनसे पूछा कि क्या निकट भविष्य में मंगल ग्रह पर मानव का बसना संभव होगा? जिसके जवाब में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि चंद्रमा पर रहना जल्द ही एक वास्तविकता बन सकता है। लेकिन मंगल ग्रह पर बसने में अभी भी तकनीकी चुनौतियों के कारण अधिक समय लगेगा। जिन्हें फिलहाल दूर किए जाने की आवश्यकता है।

माइक मैसिमिनो कोलंबिया विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर तथा इंट्रेपिड सी, एयर एंड स्पेस म्यूजियम में अंतरिक्ष कार्यक्रमों के वरिष्ठ सलाहकार हैं। कोलंबिया विश्वविद्यालय से बीएस की डिग्री तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी एवं नीति में एमएस की डिग्री प्राप्त ही है। इसके साथ ही उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की डिग्री भी प्राप्त की है।

### पीएम मोदी की...

सामने सही किया।

**एफ-35 पर पीएम मोदी ने ना क्यों नहीं की :** कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका जिस तरह से पाकिस्तान को मदद पहुंचा रहा है उसकी मुखालफत होनी चाहिए। जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय के कई फोटो और वीडियो पत्रकारों के साथ साझा करते हुए अजॉय कुमार ने दावा किया कि जिस तरह कांग्रेस शासनकाल में विदेशी ताकतें अपनी जद में रहती थीं अभी उसक उलट है। उन्होंने याद कराते हुए कहा कि मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल में वर्ष 2010 में सिक्यारिटी काउंसिल के सभी पांचों सदस्य दिल्ली आते हैं। भारत के बारे में दुनिया के समक्ष भारत की जो तस्वीकर पेश की थी चारों तरफ सकारात्मक चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व में तब की यूपीए सरकार ने अमेरिका के साथ देश हित में 9 बिलियन डॉलर का व्यापार किया था। अब प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप और उनके सलाहकार मस्क के समक्ष ये भी नहीं बाले पाये कि भारत को एफ-35 नहीं चाहिए। एक एक एफ-35 विमान 100 मिलियन डॉलर का है। इस विमान को तकनीकी रूप से बेहद खराब बताया गया है। इसके बाद भी बातचीत के क्रम में पीएम मोदी ने इस डील पर स्पष्ट रूप से न हां किया और न ही ना किया।

**औरों पे करम पर तो अपनों पे सितम क्यों :** कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि जब हर्ले डेविडसन पर 50 फीसदी और टेस्ला पर 85 फीसदी तक कस्टम ड्यूटी कम कर दिया तो भारत पर टैक्सों का बोझ क्यों लादना चाहते हैं? आंकडों के हवाले से कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, भारत का बाजार एक ट्रिलियन डॉलर नीचे फिसल गया, चीन का दो ट्रिलियन ऊपर जा रहा है, ऊपर से चीन के साथ 100 बिलियन डॉलर ट्रेड डेफिसिट पहले से चल रहा है अब अमेरिका के साथ भी 500 बिलियन डॉलर का ट्रेड डेफिसिट करेंगे तो हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका कितना कुप्रभाव पडेगा इसका मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

### पंचायती राज संस्थाओं...

राज संस्था में 50 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो जाती हैं तो वहां बीसी-ए और बीसी-बी को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि आरक्षण में दूसरे नंबर पर बीसी-ए को प्राथमिकता मिलेगी। एससी और बीसी-ए वर्ग के प्रत्याशियों को मिलाकर भी आरक्षित सीटें 50 प्रतिशत से कम रह जाती हैं तो बीसी-बी के लोगों को आरक्षण दिया जाएगा। संशोधित नियमों में स्पष्ट किया गया है कि अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित वार्ड के अवधारण के बाद ही पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित किए जाने वाले वार्ड या वार्डों का अवधारण किया जाएगा। अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित वार्डों को पिछड़ा वर्ग-ए के लिए वार्डों के अवधारण हेतु निकाले जाने वाले ड्रॉ से बाहर रखा जाएगा। जनसंख्या गणना के बाद ही योजनाओं का निर्धारण किया जा रहा है, सरकार गणना न करवाकर देश की जनता के साथ धोखा कर रही है। सांसद सैलजा ने कहा है कि इसी तरह अनुसूचित जातियों और पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित वार्ड के अवधारण के बाद ही पिछड़ा वर्ग-बी के लिए आरक्षित किए जाने वाले वार्ड या वार्डों का अवधारण किया जाएगा। अनुसूचित जातियों और पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित वार्डों को पिछड़ा वर्ग-बी के लिए वार्डों के अवधारण हेतु निकाले जाने वाले ड्रॉ से बाहर रखा जाएगा। कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शुरू से ही जातीय जनगणना की बात करते आ रहे है क्योंकि जातीय गणना के बाद ही जाति के हिसाब से हिस्सेदारी तय की जाएगी पर भाजपा सरकार ने जातीय जनगणना तो दूर वर्ष 2011 के बाद जनसंख्या की गणना भी नहीं करवाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता से किया गया अपना एक एक वायदा पूरा करना चाहिए, नियमों में संशोधन कर उन्हें लटकाना नहीं चाहिए।

### तो बदल जायेगा ...

न केवल लुटियंस दिल्ली की भीड़भाड़ को कम करेगी बल्कि सरकारी कामकाज को भी अधिक कुशल बनाएगी। सभी मंत्रालयों और विभागों के एक ही जगह पर होने से संचार और समन्वय बेहतर होगा। इसके अलावा, नई मेट्रो लाइन और रिंग रोड से यातायात सुगम होगा और लोगों का समय बचेगा। यह परियोजना दिल्ली के लोगों के लिए, पर्यावरण संरक्षण में बड़ा फायदा

---

महाकुंभ पहुंचे सीएम योगी ने सफाई कर्मियों को दिया बड़ा तोहफा

# सफाई कर्मियों का वेतन अप्रैल से बढ़ाकर 16 हजार रुपये किया

*योगी आदित्यनाथ ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित भी किया। इस दौरान घोषणा की कि प्रयागराज से जुड़े सभी सफाई कर्मियों को 10,000 रुपए का बोनस दिया जाएगा। साथ ही, प्रदेश के सफाई कर्मियों का वेतन अप्रैल से बढ़ाकर कम से कम 16,000 रुपए किया जाएगा। इसके अलावा, सभी सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान योजना से जोड़ा जाएगा, जिससे वे 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज पा सकेंगे ।*

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

संगम में गंगा से कचरा निकाला, अरैल घाट पर झाड़ू लगाई। गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने सफाईकर्मियों के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। दोनों डिप्टी ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। योगी ने महाकुंभ से जुड़े स्वच्छता कर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान भी किया। योगी ने कहा- स्वच्छताकर्मी,स्वास्थ्यकर्मी और मिनिमम वेज नहीं पाने वाले सभी कर्मियों को 8 से 11 हजार रुपए महीने के मिलते थे, इसे अप्रैल से बढ़ाकर कम से कम 16 हजार महीने करेंगे। उन्होंने कहा कि हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के माध्यम से 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। वही मुख्यमंत्री योगी ने सफाईकमियों की तारीफ की।



**खास बातें**

- 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज पा सकेंगे
- 10 हजार रुपए का बोनस दिया जाएगा
- स्वच्छता कर्मी हुए सम्मानित
- सीएम ने किया सभी का अभिवादन

### सफाई कर्मियों को योगी ने सम्मानित किया

*सफाई कर्मियों को योगी ने सम्मानित किया योगी ने सफाई कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा- कल महाकुंभ की पूर्णाहुति हुई। आज आप सभी का अभिवादन करने आया हूं। सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सभी विभागों के अद्भुत सहयोग से महाकुंभ सफल रहा। प्रयागराज के लोगों का अभिनंदन करता हूं। जिन्होंने पूरे दो महीने बिना किसी संकोच के इस पूरे आयोजन को अपने घर का आयोजन माना। जिस शहर में 20 लाख 25 लोग रहते हैं, उस शहर में अचानक 5 से 8 करोड़ लोग एक दिन आ जाएं तो क्या स्थिति होगी। जिस घर में 5 लोग रहते हैं, अचानक 10 लोग आ जाएं तो क्या हालत होगी।*

### बागपत में बेरहमी से हत्या

**बागपत।** बागपत में मामूली मारपीट का बदला लेने के लिए युवक की बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या के सबूत मिटाने के लिए शव को बोरे में बंद कर हिंडन नदी में फेंक दिया गया। छपरौली पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए हत्या आरोपियों की निशानदेही पर युवक के शव को हिंडन नदी से बरामद कर लिया है। महिलाओं समेत 6 लोगों को अरेस्ट करते हुए घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मामूली मारपीट का बदला लेने के लिए पड़ोसी ने दो महिलाओं समेत कुल 6 लोगों ने एक साथ मिलकर हत्या की स्क्रिप्ट लिखी. पकड़ी गई महिला ने मृतक को पहले अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर घटनास्थल पर बुलाकर उसकी हत्या करवा दी।

### बरेली में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म

**बरेली।** बरेली के भुता कस्बा क्षेत्र में एक झोलाछाप ने गली में खेल रही पांच साल की बच्ची को टॉफी देने के बहाने दुकान के अंदर बुलाकर उससे दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पहुंचे परिजनों व लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया है। भुता कस्बा में आरोपी हाकिम निवासी ग्राम मल्लपुर करीब दो साल से यहां दुकान चला रहा है। आरोप है कि उसने गुरुवार को दोपहर करीब 3:30 बजे गली में खेल रही एक पांच वर्षीय बच्ची को टॉफी देने के बहाने अपनी दुकान के अंदर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया।





बच्चों, तुम कहानियां, कॉमिक्स या मैग्जीस तो पढ़ते ही होगे। अगर तुम्हें ऐसी किताबें पढ़ने के साथ-साथ साइंस में भी रुचि है तो विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन भी पढ़ो, तुम्हें खूब मजा आएगा। विज्ञान कथाएं तुम्हें रहस्य-रोमांच की एक अलग ही दुनिया में ले जाएंगी। आज साइंस-डे के मौके पर जानो, साइंस फिक्शन से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

# रहस्य-रोमांच से भरपूर साइंस फिक्शन

स्पेशल स्टोरी / शिखर चंद जैन

बच्चों, विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन पढ़ने का अपना अलग ही रोमांच है। कहने को तो ये काल्पनिक कथाएं होती हैं, लेकिन इनमें सिर्फ ऐसी कल्पनाएं नहीं होतीं, जो बिल्कुल ही निराधार हों, इनका साकार होना संभव न हो। दुनिया में इंसान के लिए बहुत से ऐसे उपयोगी आविष्कार हुए हैं, जो विज्ञान कथाओं से प्रेरित हैं। सक्षम और अनुभवी विज्ञानकथा लेखकों ने तकनीक, फैंटेसी और भविष्य की कल्पना का ताना-बाना बुनकर ऐसी बहुत सी रोचक विज्ञान कथाएं लिखी हैं, जो पूरी दुनिया के बच्चों को ही नहीं, बड़ों को भी खूब पसंद आई हैं।



## क्या हैं विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं अकसर भविष्य की कल्पना करके लिखी जाती हैं। जैसे आने वाले समय में मनुष्य कौन-सी नई तकनीक इस्तेमाल कर सकता है, यातायात, संचार, रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के लिए कैसे उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है? ये कहानियां वास्तविक दुनिया से बहुत अलग होती हैं। लेकिन इन्हें असंभव या सिर्फ एक कल्पना कहकर हवा में नहीं उड़ाया जा सकता। इन विज्ञान कथाओं में ग्रहों के तरह-तरह के जीवों, अंतरिक्ष में मनुष्य के सुगमतापूर्वक रहने की कल्पना की जाती है। अलग-अलग विज्ञान कथा लेखकों ने चिकित्सा की नवीनतम प्रणालियों, यातायात के अद्भुत साधन, नई संचार प्रणालियों की कल्पना बहुत पहले की है, जो आज साकार हैं।

## कहां से आया 'साइंस फिक्शन' टर्म

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार सबसे पहले 'साइंस फिक्शन' या 'विज्ञान कथा' शब्द का प्रयोग 1851 में हुआ था। विलियम विल्सन ने इसे अपनी संकलित कविताओं की पुस्तक 'अ लिटिल अर्नेस्ट बुक अपॉन ए ग्रेट ओल्ड सब्जेक्ट' में इस्तेमाल किया था। आधुनिक समय में 'साइंस फिक्शन' शब्द को प्रचलित करने का श्रेय ह्यूगो जर्न्स बैक को जाता है। उन्होंने 1926 में विज्ञान कथाओं की पत्रिका 'अमेजिंग स्टोरीज' शुरू की थी। 1930-40 तक 'साइंस फिक्शन' शब्द बहुत लोकप्रिय हो चुका था।



## तरह-तरह की विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन कई तरह के होते हैं। मोटे तौर पर लोग इन्हें दो शैलियों में विभाजित करते हैं- हार्ड और सॉफ्ट विज्ञान कथाएं। हार्ड साइंस फिक्शन विज्ञान सम्मत सच्चे तथ्यों और सिद्धांतों पर आधारित होती हैं। इनमें फिजिकल साइंस, एस्ट्रोलॉजी और केमिस्ट्री का प्रयोग रहता है। इनमें बताया जाता है कि आने वाले दिनों में मनुष्य कई उन्नत तकनीकें विकसित कर लेगा। कई हार्ड साइंस फिक्शन लेखक तो पेशेवर वैज्ञानिक रहे हैं। उनकी कई कल्पनाओं ने बखूबी मूर्त रूप लिया और नए आविष्कारों का आधार बनीं। सॉफ्ट साइंस फिक्शन मनोविज्ञान, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, न्यूरो साइंस और सोशियोलॉजी से आइडिया लेती हैं। ये कहानियां ज्यादातर भावनाओं और कैरेक्टर्स पर आधारित होती हैं। सामाजिक और सॉफ्ट विज्ञान कथाएं काफी हद तक काल्पनिक होती हैं। अलौकिक विज्ञान कथाओं में अद्भुत क्षमता संपन्न मनुष्यों की कल्पना और सुपरमैन जैसे पात्रों की कल्पना की जाती है। स्पेस ओपेरा में अंतरिक्ष पर दूसरे ग्रहों की दुनिया पर आधारित कहानी होती हैं। वहीं टाइम ट्रैवल में ऐसा कथानक बुना जाता है, जो किसी पात्र को अचानक बहुत समय बाद के कालखंड में मौजूद दिखाता है।

## कई आविष्कारों की प्रेरणा हैं विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं कई उपयोगी आविष्कारों की प्रेरणा बन चुकी हैं, ऐसा खुद आविष्कारकों और वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। जूल्स बर्न का विज्ञान उपन्यास 'रॉबर द कंकरर', जिसका दूसरा नाम है 'क्लिपर ऑफ द क्लाउड्स' में उड़ान भरने वाली मशीन अल्बाट्रॉस का विवरण है। इससे प्रेरित होकर अमेरिकी विशेषज्ञ आई गौर सिकोर्सकी ने हेलीकॉप्टर डिजाइन किया। रॉकेट की प्रेरणा अमेरिकी वैज्ञानिक रॉबर्ट गोडर्ड को ब्रिटिश विज्ञान कथा लेखन एचजी वेल्स की पुस्तक 'द वॉर ऑफ वर्ल्ड' से मिली। ह्यूमनायड रोबोट की प्रेरणा जापान के रोबोट विज्ञानी टोमोटाका ताकहासी को 'एस्ट्रोबॉय' कॉमिक्स से मिली । WWW यानी वर्ल्ड वाइड वेब का आइडिया ऑथर सी क्लार्क की शॉर्ट स्टोरी 'डायल एफ फॉर फ्रैंकस्टीन' से मिला, ऐसा खुद इन वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। *

### पहली विज्ञान कथा




दुनिया की पहली विज्ञान कथा 1616 में जर्मन लेखक जोहान वेलेंटीन एंड्रिए लिखित उपन्यास 'द केमिकल वेडिंग' को माना जाता है। इस उपन्यास की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जिसे एक पंख वाली महिला की रहस्यमयी शाही शादी में आमंत्रित किया जाता है। भारत में विज्ञान कथाओं की विधिवत शुरुआत 1896 से मानी जाती है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने 1896 में बांग्ला भाषा में 'आगोश' और 'पलातक तूफान' के नाम से विज्ञान कथाएं लिखी थीं। कुछ लोग 1905 में रुकेया शेखावत हुसैन द्वारा लिखित 'सुल्तान का सपना' को पहली विज्ञान कथा मानते हैं, जो 'द इंडियन लेडीज' मैगजीन में छपी थी। हालांकि 1882 में विज्ञान दर्पण में हेमलाल दत्त की कहानी 'रहस्य', 1884 में पंडित अंबिका दत्त व्यास द्वारा लिखित 'आश्चर्य वृतांत', 1892 में जगदानंद राय द्वारा लिखित 'शुक्र भ्रमण' शुरुआती विज्ञान कथाएं मानी जाती हैं। विज्ञान कथा या साइंस फिक्शन शब्द का प्रयोग भले ही बाद में शुरू हुआ हो लेकिन विज्ञान कथाएं बहुत पहले से किसी ने किसी रूप में लिखी-पढ़ी जाती रही हैं।

# स्पेस के नजारे दिखाते प्लेनेटोरियम

बच्चों, अगर तुम्हें खगोल विज्ञान मतलब कि सूर्य, चंद्रमा और तारों से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी चाहिए तो तारामंडल में जाकर ले सकते हो। ये तारामंडल अपने देश में कहां-कहां हैं? यहां जाकर तुम कैसे खगोल विज्ञान से जुड़ी जानकारी रोचक, सरल ढंग से पा सकते हो, जानो।

जानकारी




प्लेनेटोरियम को हम हिंदी में ताराघर या तारामंडल भी कहते हैं। वास्तव में यह एक ऐसा भवन होता है, जहां लोगों को खगोल विज्ञान से जुड़ी ज्ञानवर्धक जानकारियां मनोरंजक ढंग से दी जाती हैं।

**ऐसा बना होता है तारामंडलः** आमतौर पर तारामंडल में गुंबद के आकार की छत होती है, इसके इर्द-गिर्द दर्शकों के बैठने के लिए स्टेडियम के तरह का हॉल होता है। इस विशेष हॉल में एक प्रोजेक्टर गुंबददार छत पर उभर रही छवियों पर रोशनी डालकर उन्हें चमकाता है। इन छवियों से संबंधित जरूरी जानकारियां वहां बैठे लोगों को कमेंट्री करके दी जाती है।



**कोई निश्चित आकार नहीं होताः** तारामंडल का कोई निश्चित आकार नहीं होता, लेकिन जिसे दुनिया का प्लेनेटोरियम नबंर वन कहा जाता है, वह तारामंडल रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्थित है। इसके गुंबद का आकार 37 मीटर है।

**भारत में कितने हैं तारामंडलः** भारत में 30 तारामंडल हैं। इनमें चार सबसे मशहूर हैं, जो क्रमशः मुंबई, नई दिल्ली, बैंग्लुरु और प्रयागराज में स्थित हैं। जहां तक देश के पहले एमपी बिड़ला ताराघर की बात है, यह सितंबर 1962 में कोलकाता में शुरू हुआ था।

**देते हैं खगोलीय पिंडों की जानकारीः** बच्चों, जब इन तारामंडलों में लोग अंधेरे में बैठकर गुंबद की ओर देखते हैं, तो ऐसा आभास होता है, जैसे हम किसी खुले स्थान में बैठे हुए आकाश की छटा देख रहे हों। यहां विभिन्न ग्रह-उपग्रह और तारे चलते हुए प्रतीत होते हैं। खगोलीय पिंडों के विषय में जानकारी प्रदान करने वाले ये बड़े ही उपयोगी तारामंडल हैं। इनके जरिए सूर्य, चंद्रमा और तारों की आकाश में होने वाली वार्षिक गतिविधियों को बहुत अच्छी तरह से चंद मिनटों में देखा और समझा जा सकता है।

**ऐसे हैं आधुनिक तारामंडलः** आधुनिक तारामंडलों (प्लेनेटोरियम) में स्लाइड दिखलाने वाले प्रोजेक्टर लगे रहते हैं। इनके द्वारा अंतरिक्ष यात्राओं और दूसरे ग्रहों पर उतरने के दृश्य भी दिखलाए जाते हैं।

**बढ़ता जा रहा है महत्वः** तारामंडलों का महत्व अंतरिक्ष संबंधी ज्ञान बढ़ने के साथ ही बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण, बादल, कुहरे आदि के कारण आकाश में किसी ग्रह या तारे का पता लगाना बहुत कठिन होता है, लेकिन इन्हें हम तारामंडल में सरलता से देख सकते हैं। उनकी स्थिति, विवरण और गति आदि की पूरी जानकारी भी हमें मिल जाती है। प्लेनेटोरियम की रचना बहुत ही जटिल होती है। इसमें बहुत से लेंस, प्रिज्म और दर्पण लगे होते हैं। अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को शहर में स्थित प्लेनेटोरियम में लगभग 25,000 छोटे-बड़े यंत्र हैं। इस प्रोजेक्टर का वजन लगभग 2.5 टन है। सबसे पहला प्लेनेटोरियम जीज ऑप्टिकल कंपनी, पूर्वी जर्मनी के वाल्टर ने 1923 में बनाया था। आज संसार के सभी देशों में बड़े-बड़े शहरों में प्लेनेटोरियम बने हुए हैं, जिनसे दर्शक अपने ज्ञान की वृद्धि करते हैं। *

प्रस्तुति : एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब

समीर गांगुली

# मशीनों का सत्याग्रह

बच्चों, पहले कुछ बड़े बच्चों यानी किशोर पाठकों के लिए हिंदी में स्तरीय विज्ञान कथाएं पढ़ने को कम मिलती थीं, लेकिन अब लिखी जा रही हैं। इन्हीं विज्ञान कथाओं में आया है नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित एक रोचक विज्ञान फैंटेसी उपन्यास 'मशीनों का सत्याग्रह'। इसके लेखक हैं सूर्यनाथ सिंह, जिन्हें इससे पहले 'कौतुक एप' नामक साइंस फिक्शन यानी विज्ञान कल्प कथा पर साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार मिल चुका है। 'मशीनों का सत्याग्रह' में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटलीजेंस युक्त रोबोट्स द्वारा संचालित और नियंत्रित भविष्य की अतिविकसित दुनिया की रोमांचक कहानी है। सोचो जरा, अगर ये इंटेलीजेंट रोबोट्स एक दिन सामूहिक रूप से विद्रोह पर उतर आए तो दुनिया का क्या हाल होगा? उपन्यास की शुरुआत बाइसवीं सदी के पहले दिन नए वर्ष के उत्सव और उल्लास के माहौल से होती है। उस दौर के भविष्य की कल्पना बहुत ही रोचक अंदाज में करने के साथ ही उस समय के पर्यावरण की स्थिति को भी इसमें दिखाया गया है। सबसे अधिक रोमांच तो तब होता है, जब उत्सव के उस माहौल में अचानक खबर आती है कि रोबोट्स सत्याग्रह करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए तुम्हें यह उपन्यास पढ़ना होगा। बच्चों, लेखक ने इस बात का ध्यान रखा है कि तुम तकनीकी शब्दावली और टेक्नोलॉजी की जटिलता में न उलझ कर एक रोमांचक कहानी का मजा लो। बच्चों, इसे तुम नेशनल बुक ट्रस्ट के पोर्टल या ऑनलाइन या फिर नेशनल बुक ट्रस्ट के किसी स्टोर से खरीद सकते हो। *




**किताबः** मशीनों का सत्याग्रह, **लेखकः** सूर्यनाथ सिंह, **मूल्यः**110 रुपए, **प्रकाशकः** नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली

विज्ञान कथा

जाकिर अली 'रजनीश'

करम के दिमाग में एक दिन आया कि क्यों न वह एक ऐसा रोबोट बनाए, जो उसका होमवर्क कर दिया करे। बाजार से सारे कल-पुर्जे मंगवा कर करम ने एक रोबोट बना भी लिया, लेकिन जब उसने रोबोट से होमवर्क के सवाल करने को कहा तो उसने कोई रेस्पॉन्स नहीं दिया। रोबोट ने करम का होमवर्क क्यों नहीं किया?

# इससे तो अच्छा...



अखबार में रोबोट का विज्ञापन देखकर करम के दिमाग में एक विचार कौंधा, 'क्यों न एक ऐसा रोबोट बनाया जाए, जो मेरा होमवर्क कर दिया करे।'

यह सोचकर करम रोमांचित हो उठा। अपनी सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए उसने कंप्यूटर की मदद ली। उसने इस विषय की किताबें खोज-खोज कर पढ़ीं। कई किताबों को पढ़ने के बाद करम को विश्वास हो गया कि वह भी रोबोट बना सकता है। मन में यह विश्वास आते ही वह अम्मी के पास पहुंचा। वह उस समय बेड पर बैठीं टीवी देख रही थीं। करम उनसे बहुत प्यार से बोला, 'अम्मीजान, मैं एक रोबोट बनाना चाहता हूं।'

'अरे वाह, यह तो बहुत अच्छी बात है!' अम्मी ने रोमांचित होकर पूछा, 'लेकिन बेटा, क्या तुम रोबोट बना पाओगे?'

'हां अम्मी, बस कुछ रुपयों की जरूरत पड़ेगी।' करम ने पूरे विश्वास के साथ जवाब दिया। 'ठीक है, लेकिन इससे तुम्हारी पढ़ाई नहीं डिस्टर्ब होनी चाहिए।' अम्मी ने आगाह किया।

'जी अम्मी, आप मुझ पर यकीन करें। मैं अपनी स्टडी बिल्कुल भी डिस्टर्ब नहीं होने दूंगा।' करम ने वादा किया। अम्मी को मालूम था कि करम धुन का पक्का है। वह जो ठान लेता है, करके ही मानता है। इसलिए उन्होंने उसे जरूरत के मुताबिक रुपए दे दिए। करम ने अम्मी का शुक्रिया अदा किया और अपने काम में लग गया।

सबसे पहले करम ने गूगल से रोबोट के कल-पुर्जे बनाने वाली दुकान का पता खोजा, फिर अपनी जरूरत का सामान ऑर्डर कर दिया। रोबोट के कल-पुर्जे वाली दुकान करम के शहर में थी। शाम तक करम का सारा सामान घर पर आ गया। करम ने अपने स्टडी रूम को प्रयोगशाला में बदल दिया और रोबोट बनाने में जुट गया। इस काम में उसे काफी मेहनत करनी पड़ी। जहां कहीं पर वह अटकता, गूगल की मदद ले लेता। इस तरह उसकी समस्या हल हो जाती। वह फिर से अपने काम में जुट जाता।

अंततः करम की मेहनत रंग लाई। उसका रोबोट तैयार हो गया। अपनी इस सफलता पर करम फूला नहीं समाया। उसने रोबोट का नाम रखा-रेंचो ।

करम का रोबोट देखकर अम्मी-अब्बा गदगद हो उठे। उन्होंने दिल खोल कर करम की तारीफ की। करम ने अपने दोस्तों को घर बुला कर अपना रोबोट दिखाया। उसके सारे दोस्त भौंचक्के रह गए। सुमित बोला, 'क्या यह सचमुच में होमवर्क के सवाल हल कर पाएगा?'

'क्यों नहीं!' करम मुस्कुराया। उसने रोबोट को आदेश दिया, 'रेंचो, मुझे होमवर्क में जो सवाल हल करने को मिले हैं, उन्हें करके दो।'

रोबोट शांत खड़ा रहा। जैसे उसने करम की बात सुनी ही न हो। यह देखकर करम के दोस्त मुस्कुराने लगे। करम ने रोबोट को दुबारा आदेश दिया, 'रेंचो, तुमने सुना नहीं? मेरा होमवर्क करो।'

लेकिन रोबोट इस बार भी कुछ नहीं बोला। उसके पेट पर लगी स्क्रीन पर कोई संदेश उभर रहा था, लेकिन करम ने उस पर ध्यान नहीं दिया। उसने गुस्से में रोबोट के गाल पर एक झापड़ रसीद कर दिया।

रोबोट लोहे का बना हुआ था। इसलिए करम का हाथ झन्ना गया। वह हाथ पकड़कर बैठ गया और रोबोट को बुरा-भला कहने लगा। तभी करम के अब्बा वहां आ गए। वह बोले, 'यह क्या कर रहे हो बेटा? तुम अपना गुस्सा रोबोट पर क्यों उतार रहे हो?'

'अब्बा, यह मेरा कहना नहीं मानता।' करम गुस्से में बोला।

अब्बा बोले, 'इसमें इसकी क्या गलती?'

'गलती क्यों नहीं है अब्बा?' करम ने सवाल किया,'मैंने आखिर इसे होमवर्क करने के लिए ही तो बनाया है?'

'हां, पर तुमने सिर्फ एक लोहे का ढांचा बनाया है। अगर तुम चाहते हो कि यह सवाल भी हल करे, तो तुम्हें इसके मस्तिष्क में प्रोग्राम करके गणित के सूत्र भी डालने होंगे और यह एक मुश्किल काम है।' अब्बा ने करम को समझाया।

'यह तो मुश्किल काम है।' करम ने बुझे मन से पूछा, 'इसमें कितना समय लगेगा?'

'इसमें दो-तीन साल भी लग सकते हैं। इसके लिए तुम्हें प्रोग्रामिंग सीखनी होगी, सवालों के सूत्रों को कोड में बदलना होगा, फिर उन्हें रोबोट के मस्तिष्क में...।' अब्बा ने बताया।

करम अब्बा की बात बीच में ही काटते हुए बोला, 'इससे तो अच्छा है कि मैं अपने सवाल खुद ही हल कर लूं।'

तभी करम की आंख खुल गई। यह क्या? क्या वह सपना देख रहा था? हां, वह तो मेज पर सिर रख कर सो गया था। शायद अम्मी के पैरों की आहट सुनकर उसकी नींद टूटी थी।

उसी समय अम्मी वहां आ गईं, बोलीं, 'क्या सोच रहे हो बेटा?'

'ज... जी कुछ नहीं।' करम चौंकते हुए बोला और फिर सवाल सॉल्व करने में व्यस्त हो गया। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'



# मानव शरीर

भैया यह मानव शरीर है
चलती-फिरती मशीन।
भांति-भांति के लगे हैं पुर्जे
काम हैं जिनके बड़े महीन।
जैसे भवन बना करते
ढेरों ईंटों के मेल से।
वैसे बना शरीर हमारा
छोटे-छोटे सेल से।
पेट हमारी भट्ठी जिसमें
खाद्य पदार्थ जला करते।
अम्ल, क्षार और रस में घुलकर
हर कोशिका को मिला करते।
जैसे कि पंपिंग मशीन
हर घर में जल पहुंचाता है।
वैसे ही सारे अंगों में
हृदय रक्त दौड़ाता है।
शोधक यंत्र हमारे गुर्दे
नियमित काम किया करते।
अच्छी चीजें रख लेते और
गंदा फेंक दिया करते।
खोजी यंत्र हमारी आंखें
देतीं दिमाग को हर संदेश।
कंप्यूटर दिमाग निर्णय लेता
देता है अंगों को आदेश।

## जीके क्विज-143

1. किस वैज्ञानिक खोज की स्मृति में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है?
2. किस भारतीय वैज्ञानिक ने सर्वप्रथम पता लगाया कि पेड़-पौधों में भी जीवन होता है?
3. भारत में परमाणु कार्यक्रम की शुरुआत का श्रेय किस वैज्ञानिक को जाता है?
4. किस भारतीय वैज्ञानिक को 'मिसाइल मैन' के नाम से जाना जाता है?
5. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. खगोलीय वेधशाला 'जंतर मंतर' का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
7. भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
8. हाल ही में यूके में मानद नाइटहुड की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया है?
9. किस भारतीय स्वाधीनता सेनानी को 'देशबंधु' के नाम से जाना जाता है?
10. 'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था?



बच्चों, जीके क्विज-143 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-142 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.पंकज आडवाणी, 3.रेखा गुप्ता, 4.रोलेट एक्ट (1919), 5. 22 दिसंबर, 6.आर.के. नारायण, 7.विटामिन डी, 8.हाइड्रोजन, 9.नाइक्रोम, 10.आर्यभट्ट

**जीके क्विज-142 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, ज्योति-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक, अनिता-महासमुंद, दिव्या-महेंद्रगढ़, कशिश-भोपाल, अमन-रायपुर

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां लैब में एक्सपेरिमेंट कर रहे साइंटिस्ट के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में 7 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।



**उत्तरः** 1.पीछे बाईं तरफ रखा बीकर गायब है। 2.अल्कोहल बर्नर नहीं जल रहा है। 3.एर्लेनमेयर फ्लास्क के ऊपर बबल्स निकल रहे हैं। 4.आगे बाईं तरफ रखा जार गायब है। 5.आगे, दाहिनी तरफ टेस्ट-ट्यूब रैक पर एक के बजाय दो टेस्ट-ट्यूब्स रखे हैं। 6.दाहिनी तरफ रखे जार का ढक्कन खुला हुआ है। 7.साइंटिस्ट के चश्मे का फ्रेम डिफरेंट कलर का है।

## ढूंढो तो जरा...

बच्चों, दिए गए चित्र में नीचे सोलर सिस्टम और स्पेस रिसर्च से रिलेटेड जुड़े कुछ टर्म्स दिए गए हैं। तुम ऊपर बॉक्सेज में से उन टर्म्स को ढूंढकर बताओ।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| O | Y | J | U | A | X | I | K | H | N | S |
| I | S | H | U | T | T | L | E | C | A | P |
| W | R | N | G | R | X | B | A | Q | S | A |
| G | R | A | V | I | T | Y | S | H | A | C |
| A | T | M | O | S | P | H | E | R | E | E |
| Y | P | L | A | N | E | T | F | V | D | M |
| T | C | E | X | P | L | O | R | E | S | E |
| T | L | A | U | N | C | H | X | N | O | T |
| J | P | Y | M | C | A | P | S | U | L | E |
| N | C | Q | X | R | D | P | O | S | A | O |
| H | F | N | Y | Y | L | G | J | H | R | R |

LAUNCH, VENUS, SHUTTLE, PLANET, CAPSULE, ATMOSPHERE, EXPLORE, NASA, GRAVITY, METEOR, SOLAR, SPACE

एक देश, एक चुनाव समिति के सदस्य डॉ. नितेश शर्मा बोले

# एक राष्ट्र, एक चुनाव बार-बार होने वाले चुनाव चक्र और विकास कार्यों में बाधा डालने वाले व्यवधानों को कम कर देश के धन, समय, संसाधनों की करेगा बचत



एक राष्ट्र, एक चुनाव सकल घरेलू उत्पाद का 1.5% बचा सकता है

अप्रत्याशित प्रचार खर्च भी कम हो सकेंगे

हरिभूमि चर्चा

**भोपाल।** एक देश, एक चुनाव के मुद्दे को लेकर पूरे देश में चर्चा है। कई दल पक्ष में हैं और कुछ दल विरोध में। इसको लेकर हरिभूमि ने एक देश, एक चुनाव समिति के सदस्य डॉ. नितेश शर्मा से सवाल कर इसके बारे चर्चा की। पेश हैं बातचीत के प्रमुख अंश...

**सवालः** एक राष्ट्र, एक चुनाव क्या है?

**जवाबः** एक राष्ट्र, एक चुनाव अर्थात वन नेशन, वन इलेक्शन भारत में चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए आम और राज्य चुनाव एक साथ आयोजित करने की व्यवस्था है।

**सवालः** भारत में क्या पहले कभी एक राष्ट्र, एक चुनाव हुआ है?

**जवाबः** जी हां, 1951 से लेकर 1967 तक एक साथ चुनाव भारत में भी कराए गए, लेकिन पृथक चुनाव की शुरुआत नए राज्यों की स्थापना और अल्पमत सरकारों के कारण शुरू हुई। एक साथ एक चुनाव में 1967 के समय कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा एवं आम चुनाव के माध्यम से उस समय की सरकारों ने व्यवस्था में अवरोध का कार्य किया। 1983 में चुनाव आयोग ने एक साथ एक चुनाव के विचार को पुनर्जीवित किया।

**सवालः** क्या एक राष्ट्र, एक चुनाव विश्व के अन्य देशों में भी होता है?

**जवाबः** हां, विश्व के विकासशील एवं विकसित राष्ट्र जैसे अमेरिका, ब्राजील, जर्मनी, जापान, स्वीडन, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश मेपहले से ही एक राष्ट्र, एक देश के आधार पर चुनाव आयोजित करते हैं।

**सवालः** भारत में एक राष्ट्र, एक चुनाव की आवश्यकता क्यों है?

**जवाबः** एक राष्ट्र, एक चुनाव बार-बार होने वाले चुनाव चक्र और विकास कार्यों में बाधा डालने वाले व्यवधानों को कम कर देश के धन, समय और संसाधनों की बचत करेगा, इसलिए भारत में इसकी अत्यंत आवश्यकता है।

**सवालः** इसमें आर्थिक और सामाजिक पक्ष क्या है?

**जवाबः** बार-बार चुनाव में 4 से 7 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव सकल घरेलू उत्पाद का 1.5% बचा सकता है। 4.5 लाख करोड़ रुपए के बराबर सरकार के स्वास्थ्य देखभाल व्यय का 50% और शिक्षा व्यय का 33% है। इसमें आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, अप्रत्याशित प्रचार खर्च कम होंगे और चुनाव के बाद मुद्रास्फीति में कमी होगी तथा मनमाने खर्च पर रोक लगेगी। चुनाव खर्चों पर कड़ी नजर से काले धन और भ्रष्टाचार को कम किया जा सकता है।

**सवालः** उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट में क्या कहा गया है?

**जवाबः** एनडीए सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। समिति ने 62 राजनीतिक दलों को सुझाव के लिए आमंत्रित किया, जिसमें 47 दलों ने समिति के समक्ष अपनी राय दी। 32 ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का समर्थन किया तथा 15 दलों ने इसका विरोध किया। भारत के चार चीफ जस्टिस ने समर्थन किया। उच्च न्यायालय के 12 मुख्य न्यायाधीश में से 9 ने समर्थन किया। देश के चार मुख्य चुनाव आयुक्तों ने समर्थन किया। जो सुझाव मांगे गए, उनमें 83 प्रतिशत सुझाव समर्थन में आए हैं तथा 17 प्रतिशत सुझाव विरोध में आए हैं।

**सवालः** भाजपा का एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर क्या मत है?

**जवाबः** भारतीय जनता पार्टी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की नीति को 1984 में पुनः लागू करने का वादा किया। 1999 में विधि आयोग की रिपोर्ट। न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी ने भी एक साथ चुनाव कराने की वकालत की। 2015 में स्थाई समिति। 79वीं संसदीय समिति की रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया गया। नीति आयोग ने इसे 2017 में दोहराया। भाजपा ने अपने 2019 और 2024 के घोषणा पत्र में एक राष्ट्र, एक चुनाव को शामिल किया। 2019 की सर्वदलीय बैठक एनडीए सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए आयोजित की। 2023 में उच्च स्तरीय समिति ने 6 महीने के विचार-विमर्श के बाद अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। दिसंबर 2024 को संवैधानिक संशोधन के लिए एनडीए सरकार ने संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक और संविधान (129 संशोधन) विधेयक पेश किया। दोनों को व्यापक विचार विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है।

---

दमोह सहित मप्र के 10 जिले कृषि उत्पादन में पंजाब को पीछे छोड़ेंगे

# 51 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा पथरिया बायपास हायर सेकंडरी विद्यालय का नाम केसी सुदर्शन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव दमोह जिले के अजब धाम में पूज्य जय-जय सरकार के वार्षिक उत्सव में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुंदेलखंड अंचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना मंजूर की गई है। इसके क्रियान्वयन से दमोह सहित प्रदेश के 10 जिले लाभान्वित होंगे। बुंदेलखंड अंचल के 8 लाख हेक्टेयर से अधिक इलाके को सिंचाई के लिए जल और पेयजल सहित उद्योगों के लिए भी पानी की आपूर्ति का कार्य हो सकेगा। मप्र का यह क्षेत्र कृषि उत्पादन में पंजाब को भी पीछे छोड़ देगा। यहां पानी का सूखा खत्म होगा और किसान खुशहाल होंगे।

मुख्यमंत्री बुधवार की शाम दमोह जिले के पथरिया के निकट अजबधाम में पूज्य जै-जै सरकार के वार्षिक उत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निवासियों को अपने स्वामित्व की भूमि का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। यह भूमि बहुमूल्य सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 51 करोड़ रुपए की लागत से पथरिया बायपास निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हायर सेकंडरी स्कूल का नाम राष्ट्रवादी विचारक केसी सुदर्शन के नाम से करने और मटकोलेश्वर सीतानगर बांध में पर्यटन की दृष्टि से 'नौकायन' प्रारंभ करने की घोषणा भी की।

**खास बातें**

- 8 लाख हेक्टेयर से अधिक इलाके को सिंचाई के लिए जल और पेयजल मिलेगा
- मटकोलेश्वर सीतानगर बांध में पर्यटन की दृष्टि से 'नौकायन' प्रारंभ करने की घोषणा



### दुग्ध उत्पादन पर बोनस मिलेगा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मप्र की धरती पर नदी जोड़ो जैसी परियोजनाएं क्रियान्वित करने की पहल हुई है, वहीं राज्य सरकार ने कृषि के साथ पशुपालन को बढ़ावा देते हुए दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी होने का संकल्प लिया है। इसके लिए 10 गायों के पालन पर सब्सिडी प्रदान करने और दुग्ध उत्पादन पर बोनस देने की रणनीति बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने विवाह समारोहों में फिजूलखर्ची रोकने का आह्वान भी किया।*

### सीएम डॉ. मोहन ने कहा, दमोह जिले के इस पावन स्थल पर आने का अवसर मिला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर दमोह जिले के इस पावन स्थल पर आने का अवसर मिला है। यहां निकट ही मड़मोलेश्वर धाम है, जहां सुनार, कोपरा और जूड़ी नदियों का संगम है। भगवान भोलेनाथ की विशाल पिंडी श्रद्धा का केंद्र है। बुंदेलखंड में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के विकास के प्रयास बढ़ाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विक्रमोत्सव का शुभारंभ हुआ है। महाराजा विक्रमादित्य से विक्रम संवत प्रारंभ हुआ था।

### मंदिर परिसर में अनेक साधु-संत जन से भी भेंट की फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजब धाम किया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अजब धाम मंदिर परिसर में अनेक साधु-संत जन से भी भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंच से रिमोट का बटन दबाकर फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजब धाम किया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने सभा में कहा कि मेरे छोटे से आग्रह पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव अजब धाम कार्यक्रम में पधारे और पर्याप्त समय दिया। उन्होंने 20 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजन यज्ञ और 27 कुंडीय यज्ञ में पधारे सभी धर्म प्रेमियों का अभिनन्दन किया। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री का आशीर्वाद और प्रेम हम सब पर है, हमारी छोटी सी मांग को स्वीकार करते हैं।*

---

## मुख्यमंत्री ने सपत्नीक की बाबा महाकाल की पूजा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि महापर्व पर महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने भगवान बाबा श्री महाकाल का जल, दुग्ध अभिषेक भी किया।

# भोपाल समेत 4 संभागों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी एक मार्च से होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, नर्मदापुरम संभाग में एक मार्च से किसानों से अच्छी गुणवत्ता की फसल की खरीदी होगी। यह 18 अप्रैल तक चलेगा, जबकि बाकी संभागों में 17 मार्च से होगी। यह 5 मई तक चलेगा।

इस मामले में कोताही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस वर्ष करीब 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान खाद्य विभाग ने लगाया है। खाद्य विभाग का कहना है कि उसी अनुसार गेहूं की खरीदी भी की जाएगी। गेहूं खरीदी आदि को लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने निर्देश दिए कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के गेहूं उपार्जन की अवधि के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। इसमें लापरवाही मिलने पर उपार्जन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्री राजपूत ने यह निर्देश मंत्रालय में रबी उपार्जन नीति की समीक्षा के दौरान दिए।

### किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं

*मंत्री राजपूत ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं। उनके पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष आदि का पर्याप्त प्रबंध करें। प्रमुख सचिव खाद्य रश्मि अरूण शमी ने बताया कि अभी तक 2 लाख 91 हजार से अधिक किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने बताया कि गेहूं उपार्जन में स्लाट बुकिंग के लिए लघु और सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।*

---

**खबर संक्षेप**



### वीर सावरकर को दवे ने अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल।** वीर सावरकर सामाजिक सांस्कृतिक एवं खेल समिति के वीर सावरकर बाल उद्यान कोटरा सुल्तानाबाद में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक दक्षिण-पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे ने वीर सावरकर की प्रतिमा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

### मप्र के पूर्व विधायकों को फ्री फास्टेग सुविधा मिले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री, प्रदेश कांग्रेस के सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक मंडल के उपाध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने प्रदेश के पूर्व विधायकों को राष्ट्रीय मार्गों के टोल नाकों पर निःशुल्क फास्टेग सुविधा प्रदान किए जाने के लिए रूल (नियम)-11 के अन्तर्गत सूची में प्रावधान कराने के लिए केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से आग्रह किया है, ताकि पूर्व विधायकों को राहत मिल सके।

---

# इमका अवॉड्र्स का ऐलान, अंशु गुप्ता और नीलेश मिसरा बने एलुमनी ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली।** आईआईएमसी एलुमनी एसोसिएशन के सालाना कनेक्शन्स मीट में नौवें इमका अवॉड्र्स के विजेताओं के नाम का ऐलान हुआ। दिल्ली में आयोजित समारोह में गूंज के संस्थापक अंशु गुप्ता और लेखक-पत्रकार नीलेश मिसरा को एलुमनी ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। सर्वप्रिया सांगवान ने जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता, जिसके तहत उन्हें डेढ़ लाख रुपये की नकद राशि के साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र मिला। समारोह में आईआईएमसी से 25 साल पहले पास हुए लगभग 80 पूर्व छात्र-छात्राओं को सिल्वर जुबली सम्मान भी दिया गया।कमिटी अवॉर्ड के तहत दिल्ली के प्रो. अशोक ओगरा, गुवाहाटी की जाह्नवी फूकन, पुणे



की सुजाता सबनिस, तेजपुर के प्रो. शंभूनाथ सिंह और दिल्ली के मेदिन प्रसाद राय को लाइफटाइम अचीवेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पब्लिक सर्विस का अवॉर्ड जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल और गया के सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य वर्धन को मिला। महाराष्ट्र के केतन तन्ना, ओडिशा के सुधांशु पात्रो और उत्तर प्रदेश के मणिंद्र मिश्र को कनेक्टिंग एलुमनी जबकि इमका की गुजरात कमिटी को कनेक्टिंग चैप्टर का अवॉर्ड दिया गया। कमिटी अवॉर्ड में इनके अलावा यूपी के संतोष कुमार वाल्मीकि, दिल्ली के कल्याण रंजन और नितिन प्रधान, पंजाब की एलिस गुरम, महाराष्ट्र के ब्रज किशोर, ओडिशा के ब्योमकेश बिस्वाल और महाराष्ट्र के कृष्णा पोफले को पिलर्स ऑफ इमका अवॉर्ड से नवाजा गया।50 हजार रुपये से लेकर 1.50 लाख रुपये तक की इनामी राशि वाले विभिन्न पुरस्कारों के विजेताओं को संबंधित कैटेगरी की जूरी ने पुरस्कृत किया।

---

पीड़िता से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस बनाने के नाम पर ऐंठे लाखों रुपए

# शादी का झांसा देकर किया शोषण, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

पुलिस ने एक गंभीर महिला अपराध के मामले में आरोपी जाहिद हुसैन (उम्र 29 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी पर थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में धारा 366, 376(2) तथा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

थाना सिटी कोतवाली के तहत आने वाले मामले में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2023 से आरोपी जाहिद हुसैन ने पीड़िता से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने युवती को अंबिकापुर में स्थित एक किराए के घर में रखकर शारीरिक शोषण किया। इसके अतिरिक्त, आरोपी ने महिला से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस दिलाने के नाम पर डेढ़ से ढाई लाख रुपए ठगी की। जब प्रार्थिया ने आरोपी से शादी की पेशकश की और ठगी से लिए गए धन की वापसी की मांग की, तो आरोपी ने टालमटोल कर उसकी भावना को ठेस पहुंचाई।आरोपी जाहिद थाने में मामला दर्ज होने की भनक लगते ही फरार हो गया था। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के अनुसार, आरोपी जाहिद हुसैन ग्राम सन्ना में था। सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्राम सन्ना से हिरासत में ले आई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



### सख्त कार्रवाई करेंगे

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकश ने कहा कि जशपुर पुलिस महिला-संबंधी अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और अपराध सिद्ध होते ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजना हमारा कर्तव्य है। अपराध की गंभीरता और सभी उपलब्ध सबूतों के आधार पर, आरोपी जाहिद हुसैन के खिलाफ धारा 366 (शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी), 376(2) (महिला का शारीरिक शोषण) तथा 420 (ठगी) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस विवेचना में जुटी है।*

---

युवाओं में राष्ट्रप्रेम और शौर्य की भावना जगाने वाली फिल्म हैः सीएम

# सीएम की घोषणा, अब छत्तीसगढ़ में भी 'छावा' टैक्स फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म "छावा" को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री कर दिया है। उन्होंने कुंभ के आयोजन के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छावा फिल्म को टैक्स फ्री करने का निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम एवं शौर्य की भावना जागृत करने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि "छावा" केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐतिहासिक



परंपराओं, वीरता और स्वाभिमान की गाथा है, जिसे हर नागरिक को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फिल्म युवा वर्ग को प्रेरित करेगी और छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य, बलिदान और नेतृत्व को व्यापक रूप से प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो समाज को प्रेरणा देती हैं और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी फिल्मों को प्रोत्साहित करती रहेगी, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ी रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता, विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे इस फिल्म को देखें और भारतीय इतिहास के उन स्वर्णिम पन्नों को समझें, जो आज भी हमारे जीवन को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

### 300 करोड़ी फिल्म बनी

*विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता जैसे सितारों से सजी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है। पहले ही दिन से दर्शक इस फिल्म पर टूट कर पड़ रहे हैं और यह सिलसिला अब तक जारी है। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म इस साल की पहली 200 करोड़ी फिल्म बनने का तमगा एक सप्ताह में हासिल कर चुकी। 300 करोड़ी क्लब में एंट्री हो ही चुकी है। अब मंजिल 400 करोड़ क्लब में शामिल होना है और वीकएंड तक यह मुकाम भी फिल्म हासिल कर लेगी। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर फिल्म की कमाई में और इजाफा दर्ज हुआ। करीब 130 करोड़ रुपये बजट में बनी इस फिल्म की टोटल कमाई अब 385 करोड़ रुपये हो गई है।*

---

प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना

# सीएम ने की भगवान राजीव लोचन मंदिर में पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान राजीव लोचन मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री साय ने त्रिवेणी संगम में स्थित भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक कर छत्तीसगढ़ की उन्नति और प्रगति की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि



हमारी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम है। महाआरती में हुए सम्मिलित .राजिम कुंभ कल्प के अंतर्गत आयोजित महानदी मैया की भव्य महाआरती में मुख्यमंत्री साय मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के मध्य विधि-विधान से शामिल हुए।

## प्रयागराज न जाने पर रामदास ने साधा निशाना

# राहुल और उद्धव ठाकरे खुद को कहते हैं हिंदू, लेकिन महाकुंभ पर उठाए सवाल और नहीं लगाई डुबकी, अब उनका हिंदुत्व कहां गया?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि कुछ राजनेता खुद को हिंदू मानते हैं और हिंदू वोट चाहते हैं।



फिर भी राहुल गांधी ने महाकुंभ को छोड़ने का फैसला शायद इसलिए लिया, क्योंकि उन्होंने इसे पीएम नरेंद्र मोदी या सीएम योगी आदित्यनाथ का कुंभ माना, न कि हिंदुओं का। महाकुंभ में न जाने के लिए उद्धव ठाकरे सच्चे हिंदू या बाला साहेब के उत्तराधिकारी नहीं हैं। चुनावों में जनता दोनों को कड़ा सबक सिखाएगी और उनकी राजनीति धराशायी हो जाएगी।

**महाकुंभ पर सियासत नहीं थमी**

*अठावले ने मुख्यमंत्री स्टालिन को भी खरी-खरी सुनाई*

इसके साथ ही रामदास ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पर भी हिंदी को लेकर हमला किया और कहा कि मैं तमिल बोलने वाले लोगों से अनुरोध करता हूं कि अगर वे हिंदी में बात नहीं करना चाहते हैं तो वे हिंदी में बोलने के लिए बाध्य नहीं हैं, लेकिन भाषा का जोरदार विरोध न करें।

### योगी ने सफलता के लिए पीएम को दिया धन्यवाद



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभके सफल समापन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को दिया और इस भव्य धार्मिक समागम को 'एकता, समानता और सद्भाव का महायज्ञ' बताया। योगी ने पीएम मोदी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि 'एकता, समता, समरसता का महायज्ञ' महाकुम्भ-भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर संपन्न हो गया है।

### हिंदू वोटर्स करें उनका बहिष्कार



अठावले ने कहा है कि कुंभ मेले में नहीं जाने के लिए वोटर्स को राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे का बहिष्कार करना चाहिए। अठावले ने दावा किया कि उद्धव और राहुल महाकुंभ में नहीं जाकर हिंदू समुदाय का अपमान किया है।

### गांधी परिवार की तरफ से मैंने लगाई डुबकी: राय



यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय नेस्नान किया। राहुल और प्रियंका पर कहा उनकी ओर से मैंने स्नान किया।

### हिंदू के रूप में जन्मा था हिंदू ही मरूंगा: शिवकुमार



कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ था और हिंदू के रूप में ही मरूंगा।

### महाकुंभ पहले ही समाप्त हो गया था: अविमुक्तेश्वरानंद



महाकुंभ बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के साथ संपन्न हुआ। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने दावा किया कि असली महाकुंभ तो पहले ही समाप्त हो चुका था। यह तो सरकारी है।

### राहुल- प्रियंका तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे: मौनी



राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के महाकुंभ नहीं आने पर संत महात्माओं ने भी सवाल उठाए हैं। अमेठी के परमहंस धाम के पीठाधीश्वर शिवयोगी मौनी महाराज ने कहा है कि जिन लोगों की सनातन धर्म में आस्था ही नहीं है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा अल्पसंख्यक की बैठक में भिड़े कार्यकर्ता

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई। अध्यक्षता



अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ मौजूद रहे। इस बैठक में कई कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

### शिमला में छात्रा का अपहरण, मामला दर्ज

**शिमला।** यहां के एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने



अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। छात्रा के परिजनों ने शिकायत में बताया कि उनकी बेटी निजी कॉलेज में पढ़ती है। मंगलवार दोपहर करीब पौने चार बजे उन्हें अपनी बेटी के नंबर से कॉल आया।

### इडली में प्लास्टिक शीट पर 52 होटलों पर केस

**बेंगलुरु।** आमतौर पर लोग दक्षिण भारतीय व्यंजन इडली को बेहद चाव से खाते हैं लेकिन इसको



लेकर कर्नाटक में एक बड़ा खुलासा हुआ है जिसके बाद राज्य सरकार ने 52 होटलों पर कार्रवाई की है। कर्नाटक खाद्य सुरक्षा विभाग ने इसका खुलासा किया है जिससे लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है।

### युवक के 3 टुकड़े कर हिंडन में फेंक दिया

**बागपत।** मउसे बागपत की महिला के माध्यम से बुलाकर नशीला पदार्थ मिलाकर चाय पिलाई और



फिर गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। शव के 3 टुकड़े करके बोरे में भरकर हिंडन में फेंक दिए। पुलिस ने फैसल के शव के तीनों टुकड़े बरामद किए।असगर का बेटा कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था।

## रेल मंत्री वैष्णव तैयारियों की स्वसमीक्षा के लिए प्रयागराज पहुंचे

# महाकुंभः असंभव को संभव कर दिखाया भारतीय रेलवे ने मंत्री, कर्मचारी सब 60 दिन तक लगातार जुटे रहे, भिड़े रहे

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुम्भ 2025 के लिए भारतीय रेल की व्यापक तैयारियों की स्व-समीक्षा करने के लिए सुबह प्रयागराज का दौरा किया। भव्य धार्मिक समागम के पैमाने और महत्व को पहचानते हुए, उन्होंने जमीनी परिचालन का आकलन करने के लिए उत्तर मध्य रेल (एनसीआर), उत्तर पूर्व रेल (एनईआर) एवं उत्तर रेल (एनआर) के तहत विभिन्न स्टेशनों का दौरा किया। रेलमंत्री ने विभिन्न विभागों के मध्य निर्बाध समन्वय की भी सराहना की और सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, कुशल व सुखद यात्रा की सुविधा के लिए भारतीय रेल के सभी कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। सभी राज्य सरकारों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर करोड़ो लोगों की आस्था को मंजिल देने में मदद की।

यात्रियों की सहायता करने वाले फ्रंटलाइन कर्मयोगियों से लेकर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस कर्मियों तक, निर्बाध ट्रेन संचालन को बनाए रखने वाले इंजीनियरों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से लेकर यात्रा को सुविधाजनक बनाने वाले हेल्प डेस्क अधिकारियों तथा बुकिंग कर्मचारियों तक - सभी के योगदान को सराहा।



### अभूतपूर्व रेल संचालन

भारतीय रेल ने अपनी प्रारंभिक संचालन योजना से कहीं अधिक सेवाएं प्रदान कीं। 17 हजार 152 ट्रेनों का संचालन किया गया, जो कि नियोजित 13 हजार ट्रेनों से अधिक था और पिछले कुंभ की तुलना में चार गुना वृद्धि दर्शाता है। इसमें 7 हजार 667 विशेष ट्रेनें और 9 हजार 485 नियमित ट्रेनें शामिल थीं। 66 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित हुए, जिनमें से प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 4.24 करोड़ यात्रियों के लिए प्रबंधन किया गया।

### प्रयागराज क्षेत्र में यात्री सुविधाओं में वृद्धि

भारतीय रेल ने प्रयागराज के नौ प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक अवसंरचना और परिचालन संवर्द्धन लागू किया, जिसमें आवागमन को सुव्यवस्थित करने के लिए दूसरा प्रवेश द्वार, 48 प्लेटफ़ॉर्म और 21 फ़ुट ओवर ब्रिज का निर्माण किए गए। अत्याधिक संख्या को नियंत्रित करने के लिए फ़ेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी और ड्रोन निगरानी सहित 1 हजार186 सीसीटीवी कैमरों के साथ निगरानी को सुदृढ़ किया गया। भीड़भाड़ को प्रबंधित करने के लिए 23 स्थायी होल्डिंग एरिया स्थापित किए गए, जबकि मल्टीलैंग्वेज अनाउंसमेंट और 23 भाषाओं में बुकलेट द्वारा यात्री सुविधाओं को बेहतर किया गया। 151 मोबाइल यूटीएस काउंटर और एक क्यूआर-आधारित प्रणाली सहित 554 काउंटरों के साथ टिकट सुविधाओं का विस्तार किया गया। निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए 21 रोड ओवर और अंडर ब्रिज (आरओबी/आरयूबी) का निर्माण किया गया।

### सुदृढ़ चिकित्सा और आपातकालीन तैयारियां

भारतीय रेल ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी चिकित्सा और आपातकालीन सहायता प्रणाली लागू की। जिला अधिकारियों के समन्वय में केंद्रीकृत सहायता डेस्क, चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं मोबाइल टॉयलेट तैनात किए गए, जबकि स्टेशनों पर अतिरिक्त खानपान सेवाओं की व्यवस्था की गई। यात्रियों के सुचारू आवाजाही को बनाए रखने के लिए, पार्सल यातायात को प्रतिबंधित किया गया और कुशल रूप से कर्मचारियों की तैनाती एवं समायोजन के लिए एक ऐप-आधारित प्रणाली शुरू की गई। रेक, कोच एवं इंजनों की निरंतर निगरानी ने परिचालन दक्षता सुनिश्चित की, जबकि समर्पित प्रयासों से एक महीने के भीतर वाराणसी-प्रयागराज खंड में अंतिम 34 किमी ट्रैक लिंकिंग को तेजी से पूरा करने में मदद मिली।

### ऐसे किये रेलवे ने इंतजाम

- सभी मालगाड़ियों को डीएफसी में डायवर्ट किया गया।
- कुम्भ क्षेत्र में +200 रेक उपलब्ध कराए गए, जिसमें दोनों तरफ से ट्रेन सेट या इंजन हैं। (शंटिंग संचालन से बचने के लिए)
- महाकुम्भ क्षेत्र में पिछले 3 वर्षों में 5,000 करोड़ निवेश व विकास कार्य हुआ।
- बनारस-प्रयागराज दोहरीकरण (गंगा पुल सहित)

### फाफामऊ-जंघई दोहरीकरण

- महाकुम्भ के लिए 13,000 निर्धारित ट्रेनों के बदले 17,152 ट्रेनें चलाई गई, जो पिछले कुम्भ से 4 गुना अधिक हैं (विशेष ट्रेनें, 7,667 और नियमित ट्रेनें 9,485 = 17,152)
- कुम्भ में आने वाले कुल तीर्थयात्रियों की संख्या 66 करोड़

### *प्रयागराज क्षेत्र में यात्री सुविधाएं*

- 9 रेलवे स्टेशन, सभी पर दूसरा प्रवेश द्वार, 48 पीएफ, 21 एफओबी
- 1,186 सीसीटीवी (फेस रिकॉग्नाइजन वाले 10% कैमरे), निगरानी के लिए ड्रोन
- 23 स्थायी होल्डिंग क्षेत्र
- प्रयागराज, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज में 12 भाषाओं में घोषणा और 23 भाषाओं में सूचना बुकलेट
- 554 टिकट काउंटर (151 मोबाइल यूटीएस) और क्यूआर आधारित टिकटिंग सुविधा
- 21 आरओबी/आरयूबीः सड़क के साथ-साथ रेल की गतिशीलता में सुधार

**कलर कोडिंगः** यात्रियों की सरलता से पहचान और दिशा-वार अलग-अलग मार्गदर्शन के लिए होल्डिंग क्षेत्रों एवं टिकटों की कलर कोडिंग।

- लालः लखनऊ, अयोध्या
- नीलाः डीडीयू, सासाराम, पटना
- पीलाः मानिकपुर, झांसी, सतना, कटनी, एमपी क्षेत्र
- हराः कानपुर, आगरा, दिल्ली

### 5 स्तरीय निगरानी प्रणाली

- पीएफ/ होल्डिंग एरिया स्टेशन डिवीजन जोनल रेलवे बोर्ड वॉर रूम
- 13,000 अतिरिक्त कर्मचारी तैनात
- आरपीएसएफ महिला टीम की 2 बटालियन, 22 डॉग स्क्वॉड, 1000 से अधिक सफाई कर्मचारी, 1,500 से अधिक टीटीई और बुकिंग कर्मचारी, 3,000 से अधिक रनिंग स्टाफ (गार्ड, ड्राइवर और सहायक ड्राइवर)
- 3 लाख से अधिक को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई

### विशेष व्यवस्था की गई

- महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्रियों के लिए 20 एकड़ क्षेत्र में पर्याप्त होल्डिंग एरिया बनाए गए।
- फिक्सड बैरिकेडिंग, अलग-अलग रास्ते व साइनेज।
- 24 x 7 रेल जनशक्ति
- पीक समय में अधिक कर्मचारी।
- भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्काउट/गाइड की मदद।
- मुख्य सचिव, डीजीपी, कलेक्टरों और एसपी, मजिस्ट्रेट और थानों के साथ समन्वय

### फोकस्ड

- व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से राज्य सरकार के साथ बेहतर समन्वय व निगरानी एवं भीड़ की आवाजाही प्लस बल्क बस मूवमेंट प्लस वाहनों की आवाजाही की लाइव निगरानी की गई।
- होल्डिंग क्षेत्रों में अतिरिक्त खिड़कियां
- स्टेशन क्षेत्र और प्लेटफार्मों पर नियमित मैनुअल घोषणाएं।
- भीड़ को मैनेज करने के लिए विशेष मेला ट्रेनें।
- प्लेटफॉर्म, एफओबी, प्रवेश/निकास और होल्डिंग क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी।

### बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं

- सर्कुलेटिंग एरिया/स्टेशनों में खान-पान की सुविधा बढ़ाई गई।
- सिविल/जिला प्रशासन की मदद से एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था की गई।
- यात्रियों की मुफ्त आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए पार्सल यातायात को प्रतिबंधित किया गया।
- अन्य डिवीजन के कर्मचारियों की ऐप आधारित तैनाती और उनके आराम की व्यवस्था।

### विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद, ईद पर 2 दिन दी



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

नगर निगम के स्कूलों में हाल ही में विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द कर दी गई और ईद की छुट्टियां दो दिन के लिए बढ़ा दी गईं। कोलकाता नगर निगम के इस आदेश पर जमकर बवाल हुआ। ये आदेश हिंदी मीडियम स्कूलों के लिए था। विवाद बढ़ने के बाद कोलकाता नगर निगम ने कहा है कि ये अनजाने में हुई टाइपिंग मिस्टेक थी।

# डीडीए के चुनिंदा पार्कों में प्रवेश के लिए देने होंगे पैसे, द्वारकापार्क में बिना एंट्री टिकट प्रवेश हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने द्वारका सेक्टर 16 के पार्क में लोगों के प्रवेश के लिए सुविधाशुल्क लागू कर दिया है। जिसका लेकर 25 फरवरी 2025 को डीडीए ने नोटिस निकाल दिया जो पार्क के बाहर चस्पा है। जहां डीडीए इसे अपने बेहतरीन रखरखाव आदि के चलते उचित कदम बता रहा है वहीं स्थानीय लोगों में शुल्क लागू करने से रोष व्याप्त होने लगा है। लोगों का कहना है कि डीडीए का यह कदम जनहित में नहीं है। क्योंकि कुछ जन सेवाएं ऐसी होती है जिन्हें जनता के लिए निशुल्क ही रखा जाता है। यह वही पार्क है जहां 22-23 फरवरी



को एलजी के हाथों द्वारा दो दिवसीय पलाश फ्लावर शो आयोजित हुआ था। पहले इस पार्क में प्रवेश निशुल्क था, लेकिन अब नोटिस के अनुसार, बुजुर्ग के लिए टिकट 10 रुपये, 13 साल से ज्यादा उम्र वाले को 20 रुपये एंट्री फीस देनी होगी, जबकि 13 साल से छोटे बच्चों को कोई पैसा नहीं देना होगा, लेकिन उन्हें अपना पहचान पत्र दिखाना होगा। अगर कोई हर रोज पार्क में जाना चाहता है,तो वह 200 रुपये का मंथली पास भी ले सकता है।बूढ़ों के लिए मंथली पास 100 रुपये का होगा। वहीं विदेशियों को पार्क में प्रवेश के लिए 100 रुपये देने होंगे। स्थानीय आरडब्ल्यूए डीडीए के इस कदम का पुरजोर विरोध करने के लिए तैयार हो रही है। इस बारे में डीडीए ने कहा कि दिल्ली के 10 पार्क में अब एंट्री फीस लग रही है। बेहतरीन पार्क बना जा रहे है, इसमें बच्चों के खेलने के लिए गजेबो लगाए गए हैं। बच्चों के खेलने के लिए जगह बनाई है, बांसेरा जैसा हॉर्टिकल्चर है इसलिए अब इस पार्क में भी एंट्री फीस लगाई गई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **विनेश उर्फ अखल पुत्रः राजेश कुमार, पताः** पटासे वाली गली, झीमर मोहल्ला, नैन की चौपाल गाँव बवाना, दिल्ली **FIR No. 150/2023, U/s 392/411/34 IPC,** थानाः उत्तरी बाहरी बवाना, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनेश उर्फ अखल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनेश उर्फ अखल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 150/2023, U/s 392/411/34 IPC,** थानाः उत्तरी बाहरी बवाना, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विनेश उर्फ अखल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सार्थक पनवार, एलडी.**
**महानगर दण्डाधिकारी (5) उत्तर**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2476/ON/2025**
**(Court Matter)**

## चेन्नई एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे की शुरुआत

# यात्रियों को सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगी खाद्य वस्तुएं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देश के एयरपोर्ट पर किफायती दाम में यात्रियों के लिए खाना-पीना उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की ओर से उड़ान यात्री कैफे की शुरुआत की गई है। इसी के तहत केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने चेन्नई एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया जो भारतीय हवाई अड्डों पर इस तरह की दूसरी सुविधा है। इससे पहले 19 दिसंबर 2024 को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के 100वीं वर्षगांठ पर वहां उड़ान यात्री कैफे खोला गया था। तब से कोलकाता हवाई अड्डे का यह कैफे यात्रियों में काफी लोकप्रिय है और वे इसकी गुणवत्ता, स्वाद और कीमत को लेकर बेहद संतुष्ट रहे हैं। यात्रियों की मांग के बाद इस पहल को पूरे देश में विस्तारित किया जा रहा है।

### केंद्रीय नागर विमानन मंत्री नायडू ने चेन्नई एयरपोर्ट पर बढ़ाई सुविधा



**अन्य हवाई अड्डों पर भी सुविधा आरंभ करने की मांग**




नायडू ने बताया कि उड़ान यात्री कैफे पीएम मोदी की हवाई यात्रा को सबके लिए अधिक सुविधाजनक, सुलभ और किफायती बनाने के समावेशी उड़ान दृष्टि योजना के अनुरूप है। कोलकाता पर कैफे खोले जाने के बाद यात्रियों ने इस सुविधा की मांग की थी।

**कम कीमतो में यात्रियों को मिलेंगी खान-पान की चीजें**

**हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण कर रहे**

उन्होंने कहा कि यात्री कैफे, उड़ान योजना (उड़े देश का आम नागरिक) की भावना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य हवाई यात्रा को सबके लिए सुलभ बनाना और हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है।



### डिजी यात्रा और ई-गेट्स के माध्यम से सहूलियतें बढ़ाई जा रहीं

मंत्री ने कहा कि सरकार यहां यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और डिजी यात्रा (चेहरे से यात्रियों की पहचान और टर्मिनल में प्रवेश तथा बोर्डिंग की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

### अब गोवा में कल से नकद में नहीं होगा ट्रैफिक चालान

**पणजी।** अब गोवा में ट्रैफिक चालान का भुगतान कैश में नहीं किया जा सकेगा। गोवा पुलिस का ट्रैफिक सेल डिजिटल पेमेंट सिस्टम अपनाने जा रहा है। जिससे वाहन चालकों के लिए भुगतान



प्रक्रिया को आसान और सुगम बनाया जा सके। ट्रैफिक सेल ने ऐलान किया कि 1 मार्च किए गए ट्रैफिक चालान का भुगतान नकद में नहीं किया जा सकेगा। इससे भ्रष्टाचार पर भी लगाम लग सकेगी।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 122 दिनांक 18/02/2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- मनीष कुमार । पिता का नाम- टिंकु कुमार ।
पता - वासी गांव पियाउ मनियारी कुण्डली जिला सोनीपत।
उम्र- 13 वर्ष।
कद- 4 फुट।
हुलियाः रंग सांवला, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले बाल ।
पहनावाः खाकी टीशर्ट व नीली जीन्स व जुते पहने हुए हैं।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मनीष कुमार पुत्र टिंकु कुमार वासी गांव पियाउ मनियारी कुण्डली जिला सोनीपत दिनांक 17-02-2025 से लापता हैं। जो दिमागी रुप से कमजोर हैं। दाहिने पैर के कुल्हा पर जले हुए का निशान, दाहिना हाथ लकवाग्रस्त हैं। बोल नहीं सकता लेकिन सुन सकता हैं। मुहं से लार टपकती रहती हैं। अब तक अपने घर वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना-7419410537
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-8708847072
कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी, कृते पुलिस उपायुक्त। मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/3148/2025/32537/88/7 दि. 27.02.25

खबर संक्षेप

## कॉफी डे के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया फिर से होगी शुरू

**नई दिल्ली।** कैफे कॉफी डे श्रृंखला का स्वामित्व रखने वाली कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड (सीडीईएल) के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है, क्योंकि अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी उच्चतम न्यायालय की निर्धारित 21 फरवरी की समयसीमा के भीतर आदेश पारित नहीं कर सका।

## रुपया दो पैसे टूटकर 87.21 प्रति डॉलर

**मुंबई।** घरेलू बाजारों में नरमी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 87.21 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुल्क की घोषणाओं ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ है। इसके अलावा, मासांत की डॉलर मांग ने भी डॉलर को बढ़ावा दिया।

## सिविल लेखा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी निर्मला

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक मार्च को 49वें सिविल लेखा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पर 'भारत में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन का डिजिटलीकरण: परिवर्तनकारी दशक (2014-24)' शीर्षक से एक सार-संग्रह भी जारी किया जाएगा।

# भारत 2026 तक होगा दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार

### डेलॉयट इंडिया व रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में निजी उपभोग 2013 के 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर से करीब दोगुना होकर 2024 में 2,100 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है।यह सालाना 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो अमेरिका, चीन और जर्मनी से अधिक है।

- देश में निजी उपभोग बढ़कर 2024 में 2100 अरब डॉलर हुआ

डेलॉयट इंडिया द्वारा बृहस्पतिवार को रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर जारी की गई 'भारत का बदलता विवेकाधीन खर्चः ब्रांड के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया, 2026 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने की राह पर आगे बढ़ते हुए भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

### भारत का उपभोक्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा

डेलॉयट इंडिया के भागीदार आनंद रामनाथन ने कहा, " भारत का उपभोक्ता परिदृश्य मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। विवेकाधीन व्यय में वृद्धि, डिजिटल कॉमर्स का विस्तार और ऋण तक बढ़ती पहुंच ब्रांड से जुड़ाव के नियमों को फिर से परिभाषित कर रही है।"

### भारत व्यय वृद्धि के नए चरण में प्रवेश कर रहा

रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुमार राजगोपालन ने कहा कि भारत का विवेकाधीन व्यय वृद्धि के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो बढ़ती आय, डिजिटल की स्वीकार्यता और विकसित होती उपभोक्ता प्राथमिकताओं से प्रेरित है।



### 10 हजार डॉलर से अधिक कमाने वाले हुए तीन गुना

इसमें कहा गया, " वर्ष 2030 तक 10,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक कमाने वाले भारतीयों की संख्या करीब तीन गुना हो जाने की उम्मीद है, जो वर्ष 2024 के छह करोड़ से बढ़कर 2030 में 16.5 करोड़ हो जाएगी। यह देश के मध्यम वर्ग की महत्वपूर्ण वृद्धि और विवेकाधीन खर्च की ओर एक मौलिक बदलाव को दर्शाता है।"

### निजी खपत में भारत ने जर्मनी को पीछे छोड़ा

रिपोर्ट में कहा गया है कि जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत की निजी खपत 2013 के 1,000 अरब डॉलर से लगभग दोगुनी होकर 2024 में 2,100 अरब डॉलर हो गई है। भारत की खपत 2013-23 के दौरान 7.2 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ी है, जो चीन, अमेरिका और जर्मनी से अधिक है।"

### नए वाणिज्य मॉडल का विस्तार होगा

सीईओ ने कहा, 'जैसे-जैसे संगठित खुदरा और नए वाणिज्य मॉडल का विस्तार होगा, इन प्रवृत्तियों के साथ तालमेल बैठाने वाले व्यवसायों को विकास व नवाचार के लिए अपार अवसर मिलेंगे।'

### उद्योग जगत से कहा, वे साहसी बने और प्रतिस्पर्धा करे

# उद्योग जगत सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें : गोयल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से कहा कि वे साहसी बनें और समर्थन के लिए सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें।

आईएमसी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने पूछा कि उद्योग कब तक सब्सिडी, उच्च आयात शुल्क और अन्य समान संरक्षणवादी उपायों की ''बैसाखियों'' पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा, '' हम कब तक सरकार की ओर (समर्थन के लिए) देखते रहेंगे? या, कब तक हम सब्सिडी और समर्थन, प्रोत्साहन, उच्च आयात शुल्क, संरक्षणवादी मानसिकता और विश्व के साथ अपने संबंधों में अत्यधिक रक्षात्मक होने की बैसाखी पर जीत हासिल करते रहेंगे?''

### संरक्षणवादी मानसिकता कमजोर कर रही

गोयल ने कहा, '' हमें एक राष्ट्र के रूप में इस संरक्षणवादी मानसिकता और कमजोर सोच से बाहर निकलने का फैसला करना होगा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या माइकल पोर्टर का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पर किया मौलिक कार्य केवल तब तक प्रासंगिक है जब तक उद्योग के नेता व्यापार स्कूलों में हैं।



### ट्रंप के व्यापार मोर्चे पर विचार-विमर्श जारी

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार मोर्चे पर नीतिगत कदमों के बाद, दुनिया भर के देशों में गहन विचार-विमर्श शुरू हो गया है। वहीं देश ने पिछले कुछ दिन में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते सहित अन्य मुद्दों पर बातचीत फिर से शुरू हुई है।

### भारत विश्व व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने तैयार

मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 'मेक इन इंडिया' जैसी अनेक पहलों ने सामूहिक रूप से देश की मानसिकता का निर्माण किया है। देश अब विश्व व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

- समर्थन के लिए सरकार पर निर्भर न रहे
- उद्योग कब तक सब्सिडी की बैसाखियों पर निर्भर रहेगा
- संरक्षणवादी मानसिकता और कमजोर सोच से बाहर निकलने

### गुणवत्ता भारत के लिए लंबे समय से चुनौती

गोयल ने कहा कि गुणवत्ता, भारत के लिए लंबे समय से चुनौती रही है और औषधि जैसे क्षेत्रों में, आवश्यक वैश्विक मंजूरी प्राप्त बड़ी कंपनियों को सामूहिक लाभ के लिए गुणवत्ता के मामले में छोटी कंपनियों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने उद्योग से ऐसे आदेशों को चुनौती देने के बजाय गुणवत्ता मानकों को अपनाने के लिए कहा।

### जब तक प्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे सफल नहीं होंगे

मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धात्मकता उद्योग की नवप्रवर्तन, विनिर्माण पद्धतियों, कौशल और दक्षताओं के उन्नयन की क्षमता से आएगी। उन्होंने कहा, '' जब तक हम प्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे, 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं सफल नहीं होंगी और हम विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे।''

### देश वास्तव में आयात पर निर्भर है

गोयल ने कहा कि जब तक देश व्यापार के माध्यम से विश्व के साथ अपनी भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान नहीं देगा, तब तक वह विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में अपवाद होंगे जहां देश वास्तव में आयात पर निर्भर है, जैसे तेल, रक्षा और खाद्य।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में उतार-चढ़ाव आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। इस प्रकार, इसमें 313.31 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ निफ्टी में लगातार सातवें सत्र में गिरावट जारी रही। निफ्टी में शामिल शेयरों में 31 नुकसान में जबकि 19 लाभ में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, जोमैटो, टाटा स्टील और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सर्वाधिक 4.99 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के गुजरात में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 'केबल' और तार खंड में प्रवेश की घोषणा के बाद शेयर टूटा।



## कलाडियो ने महत्वाकांक्षी प्रयासों और दूरदर्शी लीडरशिप के साथ भारत के एजुकेशन लैंडस्कैप को बदलने का वादा किया

**नई दिल्ली।** एक्सपीरिएंटल एजुकेशन यानि अनुभवात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित करने और इंडस्ट्री-एकेडमिक अंतर को दूर करने के मजबूत इरादे के साथ, कलाडियो ने आज भारत के एजुकेशन सेक्टर में अपनी नई शुरुआत की।आधिकारिक लॉन्च देश की राजधानी नई दिल्ली में प्रसिद्ध और सम्मानित मेहमानों की मौजूदगी में हुआ, जिसमें प्रमुख एजुकेटर्स, कानून निर्माता और प्रभावशाली लोग शामिल थे, जो भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए कलाडियो के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए एक साथ आए थे। कलाडियो के फाउंडर और सफल समूह के थर्ड जेनरेशन आंत्रप्रिन्योर श्री तन्ने जीत सिंह ने कहा कि ₹एक अत्यधिक कुशल और अनुभवी लीडरशिप टीम द्वारा समर्थित, कलाडियो का लक्ष्य स्टूडेंट्स के लर्निंग अनुभव को पूरी तरह से बदलना और बेहतर बनाना है। इस बदलाव के साथ उनको ग्लोबल सिटीजन और इंडस्ट्री लीडर बनने के लिए सशक्त बनाना है। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव एजुकेशन प्रोसेस का लाभ उठाते हुए, हम एक प्रभावशाली एजुकेशनल माहौल का निर्माण करने का प्रयास करेंगे जो महत्वपूर्ण सोच, व्यावहारिक प्रदर्शन और सहयोग की सुविधा प्रदान करता है।

चिकित्सा

बिना बताए
शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## संगठित खुदरा कारोबार 2030 तक 230 अरब डॉलर पहुंचेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में संगठित खुदरा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और बढ़ती खर्च योग्य आय तथा विकसित होती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के कारण 2030 तक इसके 230 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। डेलॉयट-आरएआई की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में संगठित खुदरा



कारोबार 10 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है। इसमें कहा गया, '' इसके 2030 तक 230 अरब डॉलर तक पहुंचने के आसार हैं।'रिपोर्ट कहती है, भारत के उपभोग को बढ़ाने वाले प्रमुख रुझानों और ताकतों में बढ़ती आय का स्तर, 'जेन जी' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग) उपभोक्ताओं का उभरता प्रभाव, ऋण तक आसान पहुंच और संगठित खुदरा व्यापार की ओर रुझान शामिल हैं। संगठित खुदरा क्षेत्र की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव हो रहा है।

## भारतीय कंपनियों कि इस साल 9.4 प्रतिशत वेतन वृद्धि अनुमानित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में कंपनियां इस साल 9.4 प्रतिशत की औसत वेतन वृद्धि कर सकती हैं। यह 2024 की 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ी कम है। ईवाई फ्यूचर ऑफ पे' रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के 10 में से छह नियोक्ता कर्मचारियों को पुरस्कृत करने और वेतन संबंधी रणनीतियों के लिए अगले तीन वर्षों में कृत्रिम मेधा की क्षमता का पता लगाने के इच्छुक हैं। भारतीय कंपनियों में 2025 में 9.4 प्रतिशत की औसत वेतन वृद्धि हो सकती है जो 2024 में दर्ज 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ी कम है। कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर 2024 में घटकर 17.5 प्रतिशत रह गई थी जो 2023 में 18.3 प्रतिशत थी। ई-कॉमर्स क्षेत्र में 2025 में सबसे अधिक 10.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि होने की उम्मीद है, जो ऑनलाइन कारोबार के तेजी से विस्तार, बढ़ते उपभोक्ता खर्च और प्रौद्योगिकी प्रगति से प्रेरित है। वित्तीय सेवा क्षेत्र में इस साल 10.3 प्रतिशत की वेतन वृद्धि का अनुमान है।

### पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन ने जारी की रिपोर्ट

# एआई में जरूरी प्रतिभा वाले पेशेवरों की कमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जनरेटिव एआई भारतीय कंपनियों के लिए महज चर्चा का विषय न होकर तेजी से एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनिवार्यता हो गई है और अधिकांश कारोबारी दिग्गज कृत्रिम मेधा (एआई) को प्राथमिकता दे रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन की रिपोर्ट कहती है कि प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता के इस्तेमाल के लिए सटीक एआई और संबंधित कौशल वाले पेशेवरों को ढूंढना इन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

- भारतीय कंपनियों का एआई अपनाने पर जोर

*भर्ती के लिए कौशल को प्राथमिकता : लिंक्डइन में प्रतिभा एवं लर्निंग सॉल्यूशंस की भारत प्रमुख रुचि आनंद ने भर्ती के लिए कौशल को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा, एआई प्रतिभाओं को नियुक्त करने और विकसित करने के हमारे तरीके को बदल रहा है, लेकिन असली चुनौती एआई को कारोबार के लिए काम करने लायक बनाने की है।*



### रोजगार के लिए योग्य उम्मीदवारों की कमी

रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत में सबसे मुश्किल से मिलने वाले कौशल में तकनीकी/ आईटी कौशल जैसे सॉफ्टवेयर विकास, इंजीनियरिंग (44 प्रतिशत), एआई कौशल (34 प्रतिशत) और संचार एवं समस्या-समाधान (33 प्रतिशत) जैसे कौशल शामिल हैं।'' रोजगार के लिए योग्य उम्मीदवारों की यह कमी कंपनियों को अपनी भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी से चयनात्मक होने को मजबूर कर रही है।

### आधे से भी कम आवेदकों के पास जरूरी योग्यताएं

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में लगभग 54 प्रतिशत मानव संसाधन (एचआर) पेशेवरों ने नौकरी के लिए आने वाले आवेदनों में से केवल आधे या उससे भी कम आवेदकों के पास सभी जरूरी एवं पसंदीदा योग्यताएं होने की बात कही है। एचआर पेशेवरों के लिए सही तकनीकी कौशल (61 प्रतिशत) और लोगों से जुड़ने का कौशल यानी सॉफ्ट स्किल (57 प्रतिशत) वाले उम्मीदवारों को ढूंढना सबसे बड़ी चुनौती है।

### कंपनियां चयनात्मक भर्ती का तरीका अपना रही

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियां वर्ष 2025 में 'चयनात्मक भर्ती' का तरीका अपना रही हैं। चयनात्मक भर्ती संगठन की जरूरतों के लिहाज से उपयुक्त गुणों वाले सही लोगों की नियुक्ति और चयन की प्रक्रिया है।

### 80 फीसदी योग्यता पूर्ण करने वालों पर ही विचार

रिपोर्ट कहती है कि भारत में आधे से अधिक एचआर पेशेवर केवल उन उम्मीदवारों तक पहुंचने (55 प्रतिशत) और भर्ती (54 प्रतिशत) पर विचार करेंगे जो नौकरी के लिए निर्धारित योग्यता के 80 प्रतिशत या उससे अधिक मानदंडों को पूरा करते हैं।

## सोना 1,150 रुपए लुढ़का चांदी 1,000 रुपए फिसली

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सुस्ती के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,150 रुपये टूटकर 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,150 रुपये टूटकर 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसका पिछला बंद भाव 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर सराफा बाजार बंद थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''एमसीएक्स में बिकवाली के कारण सोने की कीमतों में कमजोरी देखी गई, जहां सोने की कीमत 85,000 रुपये तक गिर गई। अगर एमसीएक्स पर सोना 84,800 रुपये के स्तर तक आता है, तो और भी कमजोरी आ सकती है। त्रिवेदी ने कहा कि बाजार प्रतिभागी आगे के संकेतों के लिए शुक्रवार को कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) मूल्य सूचकांक के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। विदेशी बाजारों में, अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 23.10 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,907.50 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5792



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5791 का हल**





# चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान का सफर 9 दिन में खत्म, बिना कोई मैच जीते बाहर हुआ गत चैंपियन

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ग्रुप-ए का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। रावलपिंडी में बारिश की वजह से टॉस तक नहीं हो सका। इसी के साथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान के सफर का बुरा अंत हुआ है। टीम तीन में से एक भी मैच नहीं जीत पाई। गुरुवार को बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से दोनों टीमों को एक-एक अंक तो मिला, लेकिन रिजवान की टीम ग्रुप-ए में आखिरी स्थान पर रही। बांग्लादेश ने उनसे ऊपर तीसरे स्थान पर रहते हुए सफर का अंत किया। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जबकि बांग्लादेश को भी इन्हीं दोनों टीमों के खिलाफ शिकस्त मिली।

### नहीं पेश कर सका चुनौती

पाकिस्तान ने अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में कीवियों ने मेजबानों के खिलाफ 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ जिसमें टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 241 रन के स्कोर पर ही रोका और लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने सामने मोर्चा संभाला और 43.2 ओवर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यूं तो पाकिस्तान की उम्मीदें दो मैच हारने के साथ ही खत्म हो गई थी, लेकिन उसकी संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत ने कर दिया।





### बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

पाकिस्तान ने इसके साथ ही कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। 2009 के बाद यह पहली बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबान टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई है। आखिरी बार ऐसा दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था जब टीम ने तीन में से दो मैच हारे और एक में उसे जीत मिली थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम उस वक्त ग्रुप में सबसे नीचे रही थी।

### चौथी टीम जो नहीं कर पाई खिताब का बचाव

इतना ही नहीं पाकिस्तान ऐसी चौथी टीम है जो चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब का बचाव करने उतरी, लेकिन ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई। पहली बार ऐसा 2004 में हुआ जब भारत और श्रीलंका ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। भारत और श्रीलंका 2002 में इस टूर्नामेंट के संयुक्त विजेता बने थे। आखिरी बार 2013 में ऐसा हुआ था जब गत चैंपियन टीम ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। उस वक्त ऑस्ट्रेलिया कोई मैच नहीं जीत सकी थी।

### पाकिस्तानी संसद में उठेगा मेजबानों की हार का मुद्दा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम के खिलाड़ियों से चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबानों के खराब प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की सरकार टीम के जल्दी बाहर होने से खफा है। 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही पाकिस्तान की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में दो करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से बात करेंगे। वह क्रिकेट से जुड़े मुद्दों को कैबिनेट और संसद में उठाएंगे।

## खबर संक्षेप



### कप्तान के रूप में भविष्य पर करूंगा आकलन

**लाहौर।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद कहा कि टीम के कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर फैसला करने से पहले वह अगले कुछ सप्ताह इस बात का विश्लेषण करने में बिताएंगे कि वह 'समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का'। इंग्लैंड को 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से हार का सामना करना पड़ा। बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड का यह लगातार तीसरा असफल आईसीसी टूर्नामेंट अभियान था। इससे पहले भारत में 2023 विश्व कप और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में 2024 टी20 विश्व कप में टीम को निराशा का सामना करना पड़ा।

### आज मुंबई की नजरें बदला चुकता करने पर

**बेंगलुरु।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी। तो उसकी नजरें लीग की शीर्ष दो टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले को जीतकर पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी। इसी महीने वडोदरा में हुए चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने में सफल रही थी और शुक्रवार को जब हरनमप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी।



### बतौर कप्तान रोहित परिपक्व हो गए हैं

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं और अपने साथियों के साथ उनका करीबी रिश्ता है जो भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है। धवन ने कहा, '2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है, लड़कों को कैसे एकजुट करना है। एक कप्तान के रूप में वह परिपक्व हो गया है।'



### आईसीसी मैच रेफरी बून सीए बोर्ड में शामिल

**मेलबर्न।** पूर्व बल्लेबाज डेविड बून पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी मैच रेफरी के अपने मौजूदा पद को छोड़ देंगे और 28 मार्च से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बोर्ड में शामिल होंगे। बून क्रिकेट तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और सीए में निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह लेंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू' ने सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड के हवाले से कहा, 'मुझे बेहद खुशी है कि डेविड एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने विशाल अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे।'

**चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को अंतिम लीग मैच खेलेगी भारतीय टीम**

# जीत की हैट्रिक पर भारत की नजर, रोहित ने बनाई दूरी, विराट ने किया कड़ा अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विजयी रथ पर सवार भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड से टकराएगी। यह मुकाबला 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय टीम ने गुरुवार को अभ्यास किया। चोटिल भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने नेट्स में बल्लेबाजी नहीं करने का विकल्प चुना। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अकादमी मैदान में अंडर लाइट प्रशिक्षण लिया। शुभमन गिल ने अभ्यास नहीं कया, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है। रोहित शर्मा को हल्की फिटनेस ड्रिल करते देखा गया। भारतीय कप्तान ने नेट्स में बल्लेबाजी करने से परहेज किया। उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के साथ काफी समय बिताया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान रोहित को हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैदान से बाहर रहे थे। पाकिस्तान की पारी के दौरान वह तकलीफ में नजर आए थे। उन्हें चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी। हालांकि वह बल्लेबाजी करने आए और 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे।



### गौतम से की गंभीर चर्चा

नेट प्रैक्टिस छोड़ने के बावजूद रोहित ने भारत के प्रशिक्षण सत्र पर कड़ी नजर रखी। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी चर्चा की और टेनिस रैकेट का उपयोग करके हल्के-फुल्के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया। कोच मोर्ने मोर्कल फिर से टीम में शामिल हो गए हैं। मोर्कल ने टीम के साथ दुबई की यात्रा की थी, लेकिन फैमिली इमरजेंसी के कारण उन्हें साउथ अफ्रीका वापस जाना पड़ा था।

### कोहली में दिखी रन की भूख

पाकिस्तान के खिलाफ मैच विनिंग शतक के बाद विराट कोहली ने नेट्स पर स्पिनर्स का सामना किया। इस दौरान उनके अंदर रन की भूख नजर आई। विराट ने ट्रेनिंग सत्र के दौरान कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों का तो सामना किया है, साथ में उन्होंने अन्य नेट गेंदबाजों को बुलाकर उनका भी सामना किया। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी को भी पूरे दमखम के साथ गेंदबाजी करते देखा गया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी भी परेशानी में दिखे थे।

### पंत को मिल सकता है मौका

खबरों की मानें तो दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की धीमी और निचली सतहों के विपरीत, भारत ने घास से भरपूर पिच पर प्रशिक्षण लिया। ऋषभ पंत ने भी काफी अभ्यास किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नेट्स में कोहली के साथ प्रशिक्षण लिया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अगले मैच में पंत को मौका दे सकती है।

### शमी ने कोहली को किया परेशान

शमी ने कोहली को गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया। उनकी गेंद दो बार जाकर कोहली के पैड पर भी लगी। वहीं, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी सत्र के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। मोर्कल की निगरानी में सभी गेंदबाज न्यूजीलैंड की चुनौती के लिए तैयार दिखे। मोर्कल को मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। शुभमन गिल, जो टूर्नामेंट में भारत के स्टैंड आउट बल्लेबाज रहे हैं, एकमात्र ऐसे बल्लेबाज थे जो अभ्यास सत्र के लिए नहीं आए।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

# विदर्भ के खिलाफ केरल का स्कोर 131/3, सरवटे की तूफानी फिफ्टी



एजेंसी ▶▶| नागपुर

आदित्य सरवटे के नाबाद 66 रन की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ के पहली पारी के 379 रन के जवाब में दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 131 रन बना लिए।

केरल की टीम अभी भी पहली पारी में 248 रन पीछे है। स्थानीय सितारे सरवटे ने उम्दा पारी खेलकर केरल को मजबूत स्कोर की नींव दी जबकि गेंदबाजों ने इससे पहले विदर्भ को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। पहले दिन चार विकेट पर 254 रन बनाने वाली विदर्भ टीम की नजरें 450 के आसपास के स्कोर पर थी लेकिन केरल के गेंदबाजों ने उसे 400 के भीतर रोक दिया। विदर्भ के लिए दानिश मालेवार ने 153 और करुण नायर ने 86 रन बनाए। दूसरे दिन पहले सत्र में केरल के गेंदबाजों ने अपनी लय कायम रखी। तेज गेंदबाज एम डी निधीश ने 61 रन देकर और ईडन एपल टॉम ने 102 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। एन एम बासिल को दो विकेट मिले। बासिल ने मालेवार की पारी का अंत करके सुबह केरल को पहली सफलता दिलाई। मालेवार ने 285 गेंद में 153 रन बनाए जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

### टखने के दर्द के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से हटा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। हाल ही में श्रीलंका में श्रृंखला के दौरान टखने में दर्द के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा था कि उनके फैसले के पीछे कुछ 'व्यक्तिगत विचार' भी थे। स्टार्क ने कहा, 'कुछ अलग-अलग कारण हैं, कुछ व्यक्तिगत विचार हैं। टेस्ट श्रृंखला के दौरान मेरे टखने में थोड़ा दर्द था इसलिए मुझे बस इसे ठीक करने की जरूरत है।'

**प्राग मास्टर्स शतरंज**

# प्रज्ञानानंदा ने नवारा से ड्रॉ खेला अरविंद की बाजी भी बराबर रही



एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चेक गणराज्य के स्टार डेविड नवारा से ड्रॉ खेला जबकि अरविंद चिदंबरम ने भी स्थानीय दावेदार एनगुएन थाइ डेइ वान के साथ अंक बांटे।

विश्व चैंपियनशिप के दौरान डी गुकेश की टीम का हिस्सा रहे जर्मनी के विन्सेंट केमर ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराया। अमेरिका के सैम शेंकलैंड भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने तुर्की के गुरेल एडिस को शिकस्त दी। वियतनाम के कुआंग लिएम ली और नीदरलैंड के अनीष गिरी की बाजी ड्रॉ रही। पहले दौर के बाद केमर और शेंकलैंड एक अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा, अरविंद, गिरी, लिएम ली, डेइ वान और नवारा आधे अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में चुनौती पेश कर रही एकमात्र महिला और एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख को स्पेन के इवान सेलगाडो लोपेज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

### वाणी ने महिला पीजीटी का जीता चौथा चरण

**मुंबई।** वाणी कपूर ने अंतिम दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से बृहस्पतिवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के चौथे चरण का खिताब जीता। वाणी का कुल स्कोर एक ओवर 211 रहा। यह वाणी की 2024 सत्र के 12वें चरण के बाद पहली जीत है। वाणी ने 11वें और 13वें होल में बर्डी की और इस समय वह दो एमेच्योर खिलाड़ियों सानवी सोमू और अनुराधा चौधरी से पीछे थीं। सानवी कल तक शीर्ष पर थीं। वाणी ने इसके बाद वापसी करते हुए 15वें होल में बर्डी की जबकि इसी होल में अनुराधा ने बोगी की। इससे अनुराधा एक शॉट की बढ़त गंवाकर एक शॉट से पीछे हो गईं। सानवी ने भी 15वें, 17वें और 18वें होल में बोगी की। अनुराधा ने दो ओवर के कुल स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि सानवी तीन ओवर के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। स्नेहा सिंह (66) और रिद्धिमा दिलावरी (67) ने भी संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

### कप्तान गार्डनर के अर्धशतक से जायंट्स ने आरसीबी को हराया

**बेंगलुरु।** कप्तान एशली गार्डनर की अर्धशतकीय पारी से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी को सात विकेट पर 125 रन पर रोकने के बाद गुजरात की टीम ने 16.3 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। गार्डनर ने 31 गेंद में 58 रन की पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। गार्डनर ने फोबे लिचफील्ड (नाबाद 30) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 51 रन की साझेदारी कर मैच को आरसीबी की पकड़ से दूर कर दिया। आरसीबी की यह लगातार तीसरी हार है। आरसीबी के लिए रेणुका सिंह ठाकुर और जॉर्जिया वेरहैम ने दो-दो विकेट चटकाये। इससे पहले डिएंड्रा डॉटिन (31 रन पर दो विकेट) और बायें हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (16 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात की टीम ने आरसीबी को उसके सबसे कम स्कोर के बराबरी पर रोक दिया। आरसीबी के लिए कनिका आहूजा (28 गेंदों पर 33 रन) और राघवी बिष्ट (19 गेंदों पर 22 रन) ने चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 48 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए बेथ मूनी और दयालन हेमलता ने शुरुआती ओवरों में संभल का बल्लेबाजी की।

# 2025 धोनी का आखिरी आईपीएल! खास 'कोड' के साथ चेन्नई पहुंचे माही

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य पर एक क्रिप्टिक मैसेज के साथ इंटरनेट पर तहलका दिया है। आईपीएल 2025 से पहले वह अपनी टीम के साथ जुड़ने के लिए चेन्नई पहुंचे। हालांकि, उनके वहां पहुंचने से ज्यादा चर्चा उनकी टी-शर्ट की हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि टी-शर्ट पर कोड के रूप में एक क्रिप्टिक मैसेज था जो बताता है कि आईपीएल 2025 उनका आखिरी आईपीएल होगा। फैंस ने टी-शर्ट पर संदेश को डिकोड कर पर सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी साझा की है। फैंस का कहना है कि यह एक मोर्स कोड है जिसका अनुवाद 'एक आखिरी बार' (वन लास्ट टाइम) है। धोनी हाल ही में जियो हॉटस्टार



स्टूडियो में अभिनेता सनी देओल के साथ भारत-पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी मैच देखते दिखे थे। उससे पहले वह संजू सैमसन के साथ एक कार्यक्रम का भी हिस्सा बने थे। इससे पहले धोनी ने कहा था कि फिट रहने और आईपीएल के दो महीने के लिए तैयार रहने के लिए काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

### तरुण, उन्नति, रक्षिता क्वार्टर फाइनल में

**मुलहेम एन डेर रूर (जर्मनी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थारुन मन्नेपल्ली, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री संतोष रामराज गुरुवार को जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। राष्ट्रीय खेलों (2023) के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली को कनाडा के आठवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग को 21-14, 15-21, 21-17 से हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उन्नति ने जापान की असुका ताकाहाशी को 21-13, 21-19 से आसानी से हराया। रक्षिता भी हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी पर जीत हासिल कर अगले दौर में पहुंचने में सफल रही। युगल में आठवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसन और थुक फुओंग गुयेन को 21-10, 21-19 से हराया। प्रियांशु रजावत, किरण जॉर्ज और आकर्षि कश्यप को एकल में हालांकि हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में अशीथ सूर्या और अमृता प्रमथेश की भारतीय जोड़ी को भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

**दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल बाद चैंपियन बनने को आतुर**

# ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान मैच का विजेता खेलेगा सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶| लाहौर

क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियंस ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे।

बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है। टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में



प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो लेकिन टीम अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है।

दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब फिर से हासिल करना चाहेगा। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं।

### मजबूत गेंदबाजी आक्रमण

जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उनकी बल्लेबाजी की अगुआई सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान करेंगे जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में नहीं लेगा और अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने इंग्लैंड पर जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात स्वीकार की। लेकिन ट्रॉट के पास चिंता करने की कोई वजह नहीं है क्योंकि उनके पास अजमतुल्लाह उमरजई की अगुआई में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। टीम के पास राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी भी है।



**महाकुंभ में आने वाले विदेशियों ने की सराहना**
**विदेशी मीडिया ने बताया दुनिया का सबसे बड़ा पर्व**

# आध्यात्मिक शांति, आस्था और परंपरा के 'महाकुंभ' का सात समंदर पार हो रहा गुणगान

### न्यूयॉर्क टाइम्स (14 जनवरी 2025)

ये अमेरिका का प्रमुख अखबार है. इसमें कहा गया कि महाकुंभ मेला नाम का धार्मिक उत्सव हर 12 साल में प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी के तट पर आयोजित किया जाता है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल 40 साल से अधिक लोग मेले में शामिल हुए। 40 करोड़ अमेरिका की कुल आबादी से कहीं अधिक है। हिंदू राष्ट्रवाद के उदय के साथ महाकुंभ मेला प्रमुख आयोजन बन गया है। पीएम मोदी की बेहद जनसमर्थन मिला है। लोग खुश है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

धर्म,संस्कृति और परंपराओं से भारत की पावन भूमि बेहद समृद्ध है। इसे जानने और समझने के लिए सात समंदर पार से भी लोग खिंचे चले आते हैं। हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ मेले में सैकड़ों विदेशी मेहमानों ने संगम में डुबकी लगाई। अब स्थिति ये है कि मेले की व्यवस्था, परंपरा और आध्यात्मिक शांति को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा होना शुरु हो गए है। इस शोध और वर्कशॉप जैसे आयोजन भी शुरु हुए हैं। न्यूयार्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने एक विशेष चर्चा का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था, 'इनसाइट्स फ्रॉम द वल्ड्र्स लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग- महाकुंभ।' आयोजन में प्रोफेसर तरुण खन्ना, प्रोफेसर डायना ईक और सहायक प्रोफेसर टियोना जुजुल शामिल थीं।

**न्यूयॉर्क में जानकारों ने महाकुंभ को सराहा**

### अपने देश में दिखा रहे वीडियो : डेनियल



ब्राजील से आईं डेनियल ने उत्साह से कहा कि यह एक अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव है। हम बहुत दूर से आए हैं और वीडियो अपने लोगों और देश को दिखाने के लिए उत्साहित हैं। पूरा कुंभ मेला कमाल का है। लोग बहुत दोस्ताना और स्वागत करने वाले हैं।

### द वॉल स्ट्रीट जर्नल (23 फरवरी 2025)

अमेरिकी अखबार ने कहा कि महाकुंभ मेले में अमेरिका की पूरी आबादी से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे। पिछले छह सप्ताह में आधा अरब से अधिक लोग आए। श्रद्धालुओं का मानना है कि महाकुंभ में डुबकी लगाने से पाप मिट जाते हैं। लोगों को मोक्ष मिल जाता है। अमेरिकी अखबार ने कहा कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार, देवताओं और राक्षसों के बीच अमृत के लिए लड़ाई हुई तो इस दौरान अमृत की चार बूंदे धरती के चार अलग-अलग जगहों पर गिरी।

### दयालुता हमारा सबसे बड़ा सबक: एना

*मैक्सिको और अमेरिका से आए एक समूह ने भी त्रिवेणी संगम में स्नान किया। समूह की एक सदस्य एना ने कहा कि मैं अपने समुदाय के एक समूह के साथ यहां आई हूं। हमारे ग्रुप में मैक्सिको, कोलंबिया और इटली के लोग शामिल हैं। इतनी भक्ति को देखकर 'वाह' जैसा अहसास हो रहा है। हमने यहां लोगों की दयालुता देखी। हर कोई बहुत स्वागत करने वाला है।*

### फ्रांस 24 (26 फरवरी 2025)

भगदड़ की दो घटनाओं के बाद भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का पीएम मोदी की हिंदूओं ने एक जीत के तौर पर स्वागत किया। हिंदू संरक्षक के तौर पर गढ़ी गई पीएम मोदी की छवि को इससे और बल मिला है। पीएम मोदी और उनके सहयोगी योगी आदित्यनाथ का कहना है कि हजारों वर्ष पुराना ये मेला अब तक का सबसे भव्य मेला है।

### सीएनएन (25 फरवरी)

अमेरिका के सबसे बड़े टीवी चैनल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुधवार को दुनिया के सबसे बड़े समागम के समापन पर करोड़ों लोगों ने पवित्र नदी में स्नान किया। पिछले 45 दिन में करीब 67 करोड़ लोग कुंभ के उत्सव में शामिल हुए। रंगों और आस्था के त्योहार का ये नजारा बहुत खास है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक लोग गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में स्नान करने आए।

### डॉन न्यूज (13 जनवरी 2025)

*कुंभ मेला उत्सव शुरू होने के साथ विशाल जनसमूह ने सोमवार को पवित्र जल में स्नान किया। आयोजनों को अनुमान है कि कार्यक्रम में 400 मिलियन लोगों के आने की उम्मीद है। ये मानवता का सबसे बड़ा आयोजन है। हजारों साल पुराना महाकुंभ धार्मिक श्रद्धा और अनुष्ठानिक स्नान का प्रदर्शन है। हालांकि, इसमें बहुत बड़ी चुनौती है।*

### द डेली गजट (26 फरवरी 2025)

*अमेरिका अखबार ने कहा कि पीएम मोदी और उनके सहयोगी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ दोनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। पीएम मोदी ने उस स्थान पर स्नान किया, जहां गंगा और यमुना का जल आकर मिलता है। बुधवार को शिवरात्रि के त्योहार के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।*

### नेशनल जियोग्राफिक (19 फरवरी 2025)

भारत में गंगा नदी चमकीले रंग से सराबोर क्योंकि लाखों हिंदू तीर्थयात्री इसमें डुबकी लगा रहे हैं और भक्ति की निशानी के रूप में गेंदे के पुष्प अर्पित कर रहे हैं। शाम के वक्त महाकुंभ में मंत्रमुग्ध करने वाला संगीत बजता है। दिन में वहां मंत्रोच्चार होता है। महाकुंभ में इस वर्ष 40 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है।



### हफ पोस्ट (चार फरवरी 2025)

*ये एक अमेरिकी वेबसाइट है। कुंभ मेला भारत के चार पवित्र शहर प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में आयोजित होने वाला तीर्थ मेला है। हर स्थान का आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व है। महाकुंभ चार जगहों पर हर 12 साल में मनाया जाता है।*

---

**यूका मामला : सुप्रीम कोर्ट ने पीथमपुर में रासायनिक कचरा जलाने पर दायर याचिका की खारिज**

# कचरा पीथमपुर में ही जलेगा, सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार, ट्रायल शुरू

*हाईकोर्ट ने कचरा निपटान के पूरे मुद्दे पर विचार करने के लिए 15 तकनीकी सदस्यों वाली एक टास्क फोर्स समिति गठित की है। 2013 और 2015 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दो परीक्षण किए गए, जो सफल रहे*

**कचरा जलाने के ट्रायल को लेकर प्रशासन सतर्क**

**फैक्ट्री के पास 24 थानों की पुलिस फोर्स तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार/भोपाल

भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के रासायनिक कचरे को पीथमपुर में जलाने से रोकने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कहा की याचिकाकर्ताओं के सभी पक्षों को हाईकोर्ट ने सुन लिया है। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में कोई सुनवाई नहीं करेगा। कोर्ट के इस रुख के बाद पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरे के निष्पादन का ट्रायल शुरू होगा। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में मौजूद है।

**सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में मौजूद**

**फैक्ट्री में कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा**



### हाईकोर्ट मामले में बेहतर ढंग से निपट रहा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा गठित टास्क फोर्स समिति में राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, एनजीआरआई और सीपीसीबी जैसे उच्च स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ निकाय शामिल थे। इनकी रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट इस मामले से बेहतर ढंग से निपट रहा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा कचरा निपटान से निपटने के सुस्त तरीके को गंभीरता से लिया। हाईकोर्ट मामले की निगरानी कर रहा है। इसलिए हमें इस विवादित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता।

### दो ट्रायल रन का भी संज्ञान लिया

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 और 2015 में हुए दो ट्रायल रन का भी संज्ञान लिया। सीपीसीबी के टेस्ट रिपोर्ट्स का अवलोकन भी किया। उसके आधार पर डबल बेंच ने पिटिशन को डिस्पोज किया। अगर याचिकाकर्ता को किसी तरीके से कोई भी तथ्य या आपत्ति रखना है तो एमपी हाईकोर्ट में दे सकते हैं।

### दो परीक्षण किए गए, जो सफल रहे

सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए इस मामले को डिस्पोज ऑफ किया कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में पहले ही यह मामला विचाराधीन है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की डबल बेंच के सामने सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने बताया कि हाईकोर्ट ने कचरा निपटान के पूरे मुद्दे पर विचार करने के लिए 15 तकनीकी सदस्यों वाली एक टास्क फोर्स समिति गठित की है। 2013 और 2015 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दो परीक्षण किए गए जो सफल रहे।

भोपाल गैस कांड पीड़ितों के लिए काम करने वाले एक संगठन की ओर से पेश हुए एक अन्य वकील ने कहा कि विचाराधीन प्लांट में जहरीली गैसों को ध्यान में नहीं रखा गया है। संगठन के पास बेहतर वैकल्पिक उपाय है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें एमपी हाईकोर्ट और मध्य प्रदेश सरकार के सामने रखने की भी स्वतंत्रता दी।

### पवन कल्याण पर टिप्पणी एक्टर मुरली गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलुगू अभिनेता-स्क्रीनराइटर और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता पोसानी कृष्ण मुरली को आंध्र प्रदेश पुलिस ने बुधवार को हैदराबाद स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।



पोसानी पर आंध्र प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पवन कल्याण, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश के पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा है। गिरफ्तारी के वक्त पोसानी ने पुलिस की टीम पर आपत्ति जताई जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में मुरली को गिरफ्तारी का विरोध करते और पुलिसकर्मियों के साथ तीखी बहस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में मुरली पुलिसकर्मियों से कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वह उनके साथ थाने नहीं जाएंगे।

### हैकमैन और पत्नी की संदिग्ध मौत, घर में मृत मिले

**मैक्सिको।** हॉलीवुड जगत से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी, न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। 95 वर्षीय एक्टर जीन हैकमैन और उनकी पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है। ऑस्कर विजेता मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी कल बुधवार को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर में मृत पाए गए।

**डीएनपीए को भेजे संदेश में बोले वैष्णव**

# परिवर्तन के दौर में महत्वपूर्ण रूप से उभरा डिजिटल मीडिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन को डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 आयोजन के लिए बधाई दी। डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 का अयोजन 27 फरवरी को नई दिल्ली में किया गया। डीएनपीए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के भारत के शीर्ष 18 प्रकाशकों की डिजिटल इकाइयों का संगठन है। सम्मेलन के लिए अपने संदेश में सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डीएनपीए में अपने सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं।

### युवाओं ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह अपनाया

*आपके प्रयास प्रशंसनीय हैं। यह एक शानदार सम्मेलन है। इसके माध्यम से आज के डिजिटल मीडिया परिदृश्य और आगे बढ़ती दुनिया में पारंपरिक से नए मीडिया में परिवर्तन पर बेहतरीन चर्चाएं होंगी। मैं निश्चित रूप से जानना चाहूंगा कि इन चर्चाओं से क्या सुझाव सामने आते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि आज मीडिया जगत एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पारंपरिक मीडिया के साथ-साथ डिजिटल मीडिया भी महत्वपूर्ण रूप से उभरा है। इसमें अखबार और टेलीविजन जैसे प्रमुख माध्यम शामिल हैं। कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। खासकर युवा पीढ़ी ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह से अपना लिया है।*

### मीडिया का स्वरूप नाटकीय रूप से बदला

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरा देश मीडिया को बड़ी जिम्मेदारी के साथ देखता है और उम्मीद है कि इस सम्मेलन से इसे बेहतर बनाने के बारे में बहुमूल्य सुझाव आएंगे। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मीडिया का स्वरूप नाटकीय रूप से बदला है। ऐसे में मीडिया क्षेत्र पहले से कहीं अधिक विकसित हो रहा है।

### अमेरिका के नए नागरिकता कानून में भारत को मिलेगी विशेष छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नए नागरिकता कानून को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल मची हुई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रवासियों के लिए जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता समाप्त करने का निर्णय लिया है। हालांकि, भारतीय नागरिकों के लिए एक विशेष छूट प्रदान की गई है। ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रस्तावित 'गोल्ड कार्ड' योजना के तहत अमेरिकी कंपनियों को हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की सुविधा मिलेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमीर विदेशी नागरिकों के लिए एक नई पहल 'गोल्ड कार्ड' लॉन्च की।

# डब्ल्यूटीसी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े 12 ठिकानों पर छापे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया। जांच एजेंसी ने डब्ल्यूटीसी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हुई है। बताया जा रहा है कि निवेशकों से धोखाधड़ी के मामले में ये एक्शन लिया गया है। बताया जा रहा है कि ईडी




डब्ल्यूटीसी बिल्डर के दफ्तरों, इसके प्रमोटर आशीष भल्ला और भूटानी ग्रुप के 12 ठिकानों पर सर्च कर रही है। ये ठिकाने दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हैं।

डब्ल्यूटीसी ग्रुप के फरीदाबाद, नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में कई प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। आरोप है कि ग्रुप ने निवेशकों से 1000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए हैं और पिछले 10-12 सालों में प्रोजेक्ट्स पूरे नहीं हुए।

### अनीता ने कहा पीएम की रेस में मैं नहीं

**टोरंटो।** जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद सभी की नजर कनाडा के अगले प्रधानमंत्री पर है। कनाडा की बागडोर अब कौन संभालेगा? इसका फैसला आगामी चुनाव में होगा। हालांकि चुनाव से पहले पीएम पद के लिए कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। वहीं भारतीय मूल की अनीता आनंद ने भी अपना मन बदल लिया है। दरअसल अनीता आनंद ने पहले जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने से साफ इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि वो प्रधानमंत्री पद की रेस में शामिल नहीं हैं। मगर अब खबरों की मानें तो अनीता आनंद ने अपना मन बदल लिया है और वो पीएम पद का चेहरा बनने के लिए तैयार हैं।



**भारत 25 वर्षों में 3 ट्रिलियन डॉलर से 13 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा**

# भारत का ग्रोथ मॉडल अन्य देशों में बन सकता है विकास का टेंपलेट : सीईए

**केंद्र सरकार को 10 साल और ऐसे ही प्रयास करने होंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकतांत्रिक और संघीय शासन संरचना में रहते हुए भारत की विकास यात्रा अन्य देशों के लिए एक मॉडल है। यह बयान भारत के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए), डॉ. वी.अनंत नागेश्वरन ने दिया।

दक्षिण अफ्रीकन और भारतीय बिजनेस लीडर्स के सेमिनार में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है जो लोकतांत्रिक राजनीति और संघीय शासन संरचना के रहते हुए खुद को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहा है। इस कारण भारत का अनुभव दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों के लिए बहुत



उपयोगी टेम्पलेट होंगे। नागेश्वरन ने विकसित भारत विजन के बारे में भी चर्चा की और कहा कि भारत अगले 25 वर्षों में 3 ट्रिलियन डॉलर से 13 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

देश अपने इस लक्ष्य के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिरेगुलेशन और शिक्षा में निवेश के जरिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारे पास अर्थव्यवस्था के लिए लक्ष्य होते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि ये परिणाम हमारे नियंत्रण से परे विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए हम जो प्रयास कर सकते हैं, केवल वही हमारे नियंत्रण में है। नागेश्वरन के मुताबिक, परिणाम वैश्विक कारकों के अधीन होंगे, लेकिन भारत सरकार ने पिछले दस वर्षों में जो करने की कोशिश कर रही है। उसे अगले दस वर्षों में भी करना जारी रखेगी। हम उन बिल्डिंग ब्लॉक्स को स्थापित कर रहे हैं जो हमें विकसित भारत तक ले जाएंगे।

### हमें खुले विचारों वाला बनने की जरूरत

डॉ. नागेश्वरन ने नए वैश्विक परिवेश में देशों के बीच साझेदारी के लिए बदले हुए दृष्टिकोण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी भी समय देशों को एक-दूसरे पर इतना निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ी, जितनी अब है। हमें खुले विचारों वाला बनने की जरूरत है। साथ ही हम साझेदारी बनाने में विकल्प नहीं चुन सकते बल्कि अवसरवादी बन सकते हैं क्योंकि दुनिया अब मंथन के दौर में है। वहीं भारत के उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने कहा कि भारत वर्तमान में चीन और अमेरिका के बाद दक्षिण अफ्रीका का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, लेकिन दूसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि जर्मनी और भारत उस स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चीन का आकार बहुत बड़ा है, लेकिन निकट भविष्य में हम शायद निर्यात और आयात दोनों में नंबर दो बन सकते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109